26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : बुधवार, 8 अप्रैल, 2026

अंक- 163 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

### युद्ध विराम विश्व शांति के लिए बड़ा दिन- ट्रंप

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के साथ दो सप्ताह के युद्ध विराम को विश्व शांति के लिए एक बड़ा दिन बताया और कहा कि अमेरिका होर्मुज जलडमरूमध्य में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने में मदद करेगा।

# रोडवेज परिसर में चालक ने की आत्महत्या, हड़कंप मचा



मृतक का फाइल फोटो।

**अनुबंधित बस में गमछे से लगाई फांसी, पारिवारिक कलह की आशंका, चार बच्चों के सिर से उठा पिता का साया**

**बिजनौर ( चिंगारी )**। यहां रोडवेज परिसर में अज सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब एक अनुबंधित बस के भीतर चालक का शव फंदे से लटका मिला। घटना से डिपो में अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार, बिजनौर डिपो की अनुबंधित बस संख्या UP 81 BT 6614 में चालक के रूप में कार्यरत धर्मेंद्र (33 वर्ष), निवासी मोहल्ला मुश्तरक, मीरापुर (मुजफ्फरनगर) ने बस के अंदर ही गमछे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आज सुबह जब बस कंडक्टर सलमान ने चालक को फोन किया और कॉल रिसीव नहीं हुआ, तो वह मौके पर पहुंचा। बस के अंदर का मंजर देखकर उसके होश उड़ गये। धर्मेंद्र फंदे पर झूल रहा था। घटना की सूचना मिलते ही एआरएम अशोक कुमार ने पुलिस को अवगत कराया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि धर्मेंद्र 4 अप्रैल से ही इस बस पर ड्यूटी कर रहा था। इससे पहले वह मीरापुर-मुजफ्फरनगर रूट पर प्राइवेट बस चलाता था। प्रारंभिक जानकारी में आत्महत्या के पीछे पारिवारिक कलह की बात सामने आ रही है। परिजनों के अनुसार, उसकी पत्नी मानसिक रूप से अस्वस्थ थी, जिससे वह परेशान था। धर्मेंद्र अपने पीछे चार मासूम बच्चों को छोड़ गया है। लगभग 15 साल पहले उसकी शादी हुई थी। अचानक हुई इस घटना ने परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है, वहीं डिपो में भी शोक का माहौल है। फिलहाल पुलिस मामले की हर एंगल से जांच कर रही है और आत्महत्या के कारणों का पता लगाने में जुटी है। सीओ सिटी संग्राम सिंह ने बताया कि धर्मेंद्र की अपनी पत्नी से अनबन रहती थी,जिससे वह परेशान था। रोडवेज के एआरएम अशोक कुमार ने घटना पर दु:ख व्यक्त करते हुए कहा कि घटना का उन्हें बेहद मलाल है।

बिना ऑप्रेशन/बिना चीर-फाड़

बवासीर PILES
भगन्दर FISTULA
फिशर FISSURE

इस तकनीक द्वारा यह बीमारी भविष्य में कभी नहीं होती





डॉ. सुधांशु चौधरी
MS (Anorectal Surgeon)
( गुदा रोग विशेषज्ञ )
आने से पहले कॉल करें-

प्रत्येक बृहस्पतिवार बिजनौर में एवं प्रत्येक शुक्रवार बास्टा ( चांदपुर ) में मिलें

Mob.7302127966, 9411226422, 9871884104

SUSHRUTA COLORECTAL CENTRE
सुश्रुत कोलोरेक्टल सेंटर

पता - निकट मित्तल पेट्रोल पम्प, बैराज रोड, बिजनौर

पता - श्री साईं अस्पताल बस स्टैण्ड चौराहा बास्टा तह. -चान्दपुर, जिला-बिजनौर

आवश्यकता है- सभी विषयों हेतु शिक्षिकाओं तथा चौकीदार, माली व सेविकाओं की। शीघ्र आवेदन/सम्पर्क करें

PUSHPA PORTOR PUBLIC SCHOOL
(पुष्पा पोर्टर पब्लिक स्कूल)

प्रवेश प्रारम्भ नर्सरी से कक्षा 5 तक

अंग्रेजी माध्यम

सुयोग्य एवं परिश्रमी टीचर्स
अंग्रेजी माध्यम से शिक्षा
आपके बच्चे के सर्वांगीण विकास हेतु सभी सुविधाएं
समुचित फीस तथा सर्वोत्तम शिक्षा
माता पिता पर अनावश्यक खर्च का बोझ नही
आपके बच्चों का स्कूल आप के घर के पास







सेवारामपुर. रावली रोड, बिजनौर

मो. 7037308705, 9837801885
9557925763, 9927979617



## राशिफल

### विमल जैन

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता
फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्

**गुरुवार, 9 अप्रैल 2026**

मेष- समस्याओं का संतोषजनक समाधान, स्वाध्याय की ओर रुझान, राजनैतिक क्रियाकलापों में संलग्नता, आवागमन में अनुकूलता, बकाए धन की प्राप्ति।

वृषभ- आर्थिक व्यावसायिक पक्ष में निराशा, महत्वपूर्ण उपलब्धि में व्यवधान, मानसिक अशांति, वाहन से चोट-चपेट, दुर्घटना की आशंका, प्रतिष्ठा पर आघात।

मिथुन- बुद्धि-चातुर्य से कुछेक मसले हल, प्रभावशाली हस्तियों से सम्पर्क, परोपकार की भावना जागृत, वैमनस्यता का समापन, विवाद समापन की ओर, भौतिक सुख।

कर्क- ग्रहयोग बेहतर, दाम्पत्य जीवन में उपस्थित व्यवधान समाप्त, नवसमाचार की प्राप्ति से खुशी, मान-सम्मानपरक कृत्य सम्पन्न, यात्रा सफल, कार्यक्षमता में वृद्धि।

सिंह- चिरवांछित कार्य बनने से खुशी, व्यक्तित्व का विकास, बुद्धि-चातुर्य से संकल्प सिद्धि, सामाजिक कृत्यों में अभिरुचि, जीवन साथी से सहयोग, आत्मिक शांति।

कन्या- समय अशुभ, शारीरिक सुख में कमी, साझेदारी के व्यापार में हानि, आरोप प्रत्यारोप की स्थिति, शत्रु प्रभावी होने की दिशा में प्रयासरत, यात्रा में कष्ट।

तुला- लाभ का सुयोग, आर्थिक स्थिति में सुधार, पराक्रम में वृद्धि, वैवाहिक अड़चनों का समापन, घरेलू समस्याएं सुलझने की ओर, नवसमाचार की प्राप्ति।

वृश्चिक-योजना साकार होने की ओर, समझदारी से लिया गया निर्णय हितकर, मनोवांछित सफलता का सुयोग, परिवार में हर्षोल्लास का वातावरण, अध्यात्म के प्रति आस्था।

धनु- भाग्योदय का मार्ग प्रशस्त, नौकरी में पदोन्नति विषयक मसला हल होने की ओर, उल्लासमय वातावरण, सुख के जरूरी साधन सुलभ, धार्मिक गतिविधियों में रुचि।

मकर- व्यवधान से अशांति, व्यवसायिक असफलता, भौतिक सुख के साधन में कमी, स्वाध्याय के प्रति अरुचि, शत्रु हानि पहुँचाने की कोशिश में, विवाद से अशांति।

कुम्भ- कठिनाइयों का निराकरण, सद्विचारों से आत्मिक शांति, उत्तरदायित्व का निर्वाह, अपने स्तर को बनाये रखने में अधिक व्यय, परिवार में मंगलकृत्य सम्पन्न।

मीन- चिरवांछित कार्यों में सफलता, दूसरों की सलाह से कामयाबी, प्रभावशाली हस्तियों से अपेक्षित सहयोग, कुछेक मसला सुलझने की ओर, धनागम का सुयोग।

एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल,
वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन
भोजूबीर, वाराणसी-221002,
मो. : 09335414722

# सूर्य-चन्द्र की परंपरा में अमर ज्योति- बाबू सिंह चौहान

**जिस प्रकार इस सृष्टि का संतुलन सूर्य और चन्द्र की अनवरत उपस्थिति से सुनिश्चित होता है, उसी प्रकार पत्रकारिता के विस्तृत आकाश में बाबू सिंह चौहान (बाबूजी) द्वारा प्रज्वलित सत्य की ज्योति आज भी उनके सुपुत्रों- सूर्यमणि रघुवंशी और चंद्रमणि रघुवंशी- के माध्यम से उज्ज्वल, सशक्त और जीवंत बनी हुई है। यह केवल वंश परंपरा का प्रवाह नहीं, बल्कि विचार, मूल्य और सिद्धांतों की अखंड साधना का विस्तार है। बाबूजी के 'सूर्य' और 'चन्द्र' उनके जैविक उत्तराधिकारी मात्र नहीं, बल्कि उनके चिंतन, उनके साहस और उनके सत्यनिष्ठ व्यक्तित्व के मूर्त प्रतिबिंब हैं।**

बाबूजी की कलम की स्याही केवल कागज़ तक सीमित नहीं रही, उसने समाज की चेतना पर अमिट अंकन किया। उनके द्वारा लिखे गए शब्द आज भी समय के पटल पर जीवित हैं, मानो वे किसी युगधर्म का उद्घोष हों। यह विश्वास अटल है कि उनके विचारों की यह छाप अनंत काल तक बनी रहेगी। इसी अटूट संकल्प के साथ 'चिंगारी' और 'बिजनौर टाइम्स' परिवार इस वैचारिक विरासत को न केवल संजोए हुए हैं, बल्कि उसे नई ऊर्जा, नई दिशा और नई प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ाने के लिए दृढ़तापूर्वक संकल्पित हैं।

## पत्रकारिता जगत में एक अडिग ज्योति

जब पत्रकारिता अपने मूल धर्म से विचलित होने लगती है, जब सत्य सत्ता के प्रांगण में अनुमति का मोहताज बन जाता है, और जब समाचार बाजारवाद की चकाचौंध में अपनी आत्मा खोने लगते हैं- ऐसे संक्रमणकाल में समाज को एक ऐसी निर्भीक आवाज़ की आवश्यकता होती है, जो न दबे, न झुके और न ही बिके। बाबू सिंह चौहान (बाबूजी) ऐसी ही अडिग चेतना के प्रतीक थे।

उन्होंने पत्रकारिता को कभी पेशा नहीं माना, उनके लिए यह एक नैतिक उत्तरदायित्व, एक सामाजिक साधना और एक वैचारिक तपस्या थी। उनकी लेखनी में समझौते का स्थान नहीं था। उन्होंने यह स्थापित किया कि पत्रकार का धर्म केवल सूचना देना नहीं, बल्कि सत्य के पक्ष में अडिग रहकर समाज के प्रति उत्तरदायित्व निभाना है। उनकी दृष्टि में पत्रकारिता एक ऐसा दर्पण थी, जो समाज को उसकी वास्तविकता से परिचित कराती है, चाहे वह कितनी ही कठोर क्यों न हो।

## संघर्षों की अग्नि में तपकर निर्मित व्यक्तित्व

बाबूजी का जीवन सहज नहीं था, वह संघर्षों की भट्ठी में तपकर निर्मित हुआ एक अद्वितीय व्यक्तित्व था। साधारण परिवेश में जन्म लेने के बावजूद उन्होंने अपने भीतर असाधारण विचारों का पोषण किया। स्वतंत्रता संग्राम के उथल-पुथल भरे कालखंड में उन्होंने सक्रिय भागीदारी निभाई। उन्होंने केवल दर्शक बनकर इतिहास को नहीं देखा, बल्कि स्वयं इतिहास के निर्माण में सहभागी बने। जेल की यातनाएं, सामाजिक उपेक्षाएं और आर्थिक कठिनाइयां-इन सभी ने उनके संकल्प को कमजोर करने के बजाय और अधिक दृढ़ किया। उन्होंने सिद्ध किया कि महानता परिस्थितियों की दासी नहीं होती, बल्कि वह सिद्धांतों की दृढ़ता से जन्म लेती है। उनका जीवन यह संदेश देता है कि संघर्ष केवल बाधा नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण की प्रयोगशाला है।

## पत्रकारिता : जनसेवा का संकल्प

स्वतंत्रता के पश्चात भी बाबूजी का संघर्ष समाप्त नहीं हुआ, उसने एक नया रूप धारण किया। उन्होंने पत्रकारिता को समाज परिवर्तन का सशक्त माध्यम बनाया। उनके लिए पत्रकारिता का अर्थ था- सत्ता से प्रश्न करना, अन्याय के विरुद्ध आवाज़ उठाना और उन वर्गों के लिए बोलना, जिन्हें समाज अक्सर अनसुना कर देता है।



उनकी लेखनी में केवल शब्द नहीं, बल्कि समाज की वेदना, उसकी आकांक्षाएं और उसकी संघर्षशील चेतना स्पंदित होती थी। वे जानते थे कि परिवर्तन केवल घोषणाओं से नहीं, बल्कि निरंतर संघर्ष और जागरूकता से उत्पन्न होता है। उनकी पत्रकारिता में नैतिकता, निष्पक्षता और साहस का अद्वितीय संगम दिखाई देता था।

## जनपक्षधरता और संवेदनशीलता का अद्वितीय संतुलन

बाबूजी की पत्रकारिता का सबसे विशिष्ट गुण उनकी जनपक्षधरता थी। उन्होंने सदैव उन वर्गों की आवाज़ को मुखर किया, जिन्हें व्यवस्था के शोर में दबा दिया जाता है- किसान, मजदूर, मध्यमवर्ग और वंचित समाज। उनकी दृष्टि सत्ता के केंद्र पर नहीं, बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति पर केंद्रित थी।

उनकी भाषा सरल होने के साथ-साथ अत्यंत प्रभावशाली और संवेदनशील थी। वे जटिल विषयों को भी इस प्रकार प्रस्तुत करते थे कि सामान्यजन भी उसे सहजता से समझ सके। उनकी लेखनी समाज की आत्मा का सजीव प्रतिबिंब थी, जहां संवेदना और विवेक का संतुलित समागम दिखाई देता था।

## निष्पक्षता और निर्भीकता का प्रतीक

बाबूजी ने कभी भी किसी प्रकार के दबाव को अपने मार्ग में बाधा नहीं बनने दिया। चाहे वह राजनीतिक दबाव हो, आर्थिक प्रलोभन हो या सामाजिक विरोध- उन्होंने सत्य के मार्ग से विचलित होना स्वीकार नहीं किया। उनकी निर्भीकता उनकी पहचान थी और उनकी निष्पक्षता उनका सबसे बड़ा बल। आज जब पत्रकारिता की निष्पक्षता पर प्रश्नचिह्न लगते हैं, बाबूजी का जीवन एक मानक के रूप में सामने आता है। उन्होंने यह सिखाया कि पत्रकारिता का उद्देश्य सत्ता के साथ खड़ा होना नहीं, बल्कि सत्य और समाज के साथ खड़ा होना है।

## विचारधारा की अमर विरासत

बाबूजी केवल एक व्यक्ति नहीं थे, वे एक विचारधारा थे- ऐसी विचारधारा, जो सामाजिक समरसता, मानवता और राष्ट्रीय एकता को सर्वोपरि मानती है। उन्होंने धर्म, जाति और वर्ग के संकीर्ण दायरों से ऊपर उठकर मानवता को अपना धर्म माना। उनकी सोच स्पष्ट और दूरदर्शी थी- देशप्रेम और मानवता ही सर्वोच्च मूल्य है। उन्होंने पत्रकारिता को समाज को जोड़ने का माध्यम बनाया, न कि उसे विभाजित करने का। यही कारण है कि उनकी विरासत केवल स्मृतियों में नहीं, बल्कि जीवंत चेतना में आज भी विद्यमान है।

## विरासत का सशक्त विस्तार

आज बाबूजी की वही ज्योति उनके सुपुत्रों- सूर्यमणि रघुवंशी और चंद्रमणि रघुवंशी के रूप में प्रखरता से प्रकाशित हो रही है। वे केवल उत्तराधिकारी नहीं, बल्कि उस विचारधारा के संवाहक हैं, जिसे बाबूजी ने अपने जीवन से गढ़ा था।

सूर्यमणि रघुवंशी की ऊर्जस्विता और चंद्रमणि रघुवंशी की संतुलित शीतलता मिलकर पत्रकारिता को एक सशक्त और संतुलित दिशा प्रदान कर रही है। वे समय की चुनौतियों को समझते हुए बाबूजी के आदर्शों को आधुनिक संदर्भ में पुनर्परिभाषित कर रहे हैं। उनकी लेखनी में वही निर्भीकता, वही ओज और वही सत्यनिष्ठा दिखाई देती है, जो बाबूजी की पहचान थी।

वे केवल विरासत को संरक्षित नहीं कर रहे, बल्कि उसे और अधिक व्यापक, प्रासंगिक और प्रभावशाली बना रहे हैं। उनके प्रयासों में स्पष्ट रूप से यह दिखाई देता है कि पत्रकारिता उनके लिए आज भी जनसेवा का माध्यम है, न कि केवल पेशे का साधन। आज की पत्रकारिता अनेक चुनौतियों से घिरी हुई है- ख़बरों का बाजारीकरण, निष्पक्षता का संकट, और सत्ता का बढ़ता प्रभाव। ऐसे समय में बाबूजी की विचारधारा एक प्रकाश स्तंभ के समान है, जो दिशा दिखाती है और मार्गदर्शन करती है।

## संकल्प और श्रद्धा का संगम

बाबू सिंह चौहान (बाबूजी) भले ही आज भौतिक रूप से हमारे बीच उपस्थित न हों, परंतु उनकी विचारधारा, उनका साहस और उनकी सत्यनिष्ठा आज भी जीवित है। वे हर उस व्यक्ति में जीवित हैं, जो अन्याय के विरुद्ध खड़ा होता है, जो सत्य के पक्ष में आवाज़ उठाता है।

बाबूजी की पुण्यतिथि केवल स्मरण का अवसर नहीं, बल्कि संकल्प का पावन क्षण है-उनके आदर्शों को आत्मसात करने का, उनके अधूरे स्वप्नों को साकार करने का, और पत्रकारिता को उस उच्चतम शिखर तक प्रतिष्ठित करने का, जहां से लोकमंगल की दिव्य किरणें समस्त समाज को आलोकित कर सकें। बाबूजी की स्मृतियां मात्र अतीत की छाया नहीं, बल्कि वर्तमान की प्रेरणा और भविष्य की दिशा हैं। उनका जीवन एक कालजयी आलोक स्तंभ है, जो युगों तक मार्गदर्शन करता रहेगा।

**-प्रकाश पंकज, हल्दौर**

# मैजिक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

## परिजन रात बिना कार्रवाई के शव घर ले गये, सुबह को पीएम के लिये भिजवाया

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** बीती रात्रि नांगल-चंदक मार्ग पर मैजिक की टक्कर से बाइक सवार एक युवक की मृत्यु हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। रात में तो मृतक के परिजन शव को बिना किसी कार्यवाही के अपने साथ घर ले गये थे, मगर आज उनकी इच्छा के आधार पर पुलिस द्वारा शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

उत्तराखंड के श्यामपुर थाना क्षेत्र के ग्राम लाहरपुर ( निकट गैंडीखाता ) से कल धर्मवीर सैनी की पुत्री का लग्न-रिश्ता बिजनौर गया था। लग्न-रिश्ते में गांव निवासी विशाल सैनी तथा गौरव सैनी भी बाइक द्वारा गये थे। बीती रात्रि वे बिजनौर से वापस घर लौट रहे थे। रात्रि लगभग 8 बजे जब उनकी बाइक नांगल-चंदक मार्ग पर ग्राम खानपुर में स्थित


मृतक विशाल सैनी का फाइल फोटो

वीके फार्म हाउस के निकट पहुंची, तो नांगल की ओर से जा रहे मैजिक वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। उन्हें मंडावली क्षेत्र के एक हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया।

विशाल सैनी (20 वर्ष) पुत्र ब्रजपाल सैनी को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। जबकि बाइक चला रहे गौरव सैनी (24 वर्ष) पुत्र सुरेन्द्र सैनी को गंभीर रूप से घायल होने के कारण बिजनौर के लिये रैफर कर दिया गया। बताया जाता है कि उसका एक हाथ तथा पैर टूट गया है।

थानाध्यक्ष अमर सिंह राठौर ने बताया कि बीती रात्रि मृतक के परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया था और उसके शव को घर पर ले गये थे। आज सुबह उन्होंने पोस्टमार्टम कराने की इच्छा व्यक्त की। युवक के शव को पोस्टमार्टम हेतु बिजनौर भेज दिया गया है।

धारा मोटर फ़ाईनेन्स लिमिटेड
सरकारी एवं प्राइवेट कर्मचारियों के लिए
विशेष लोन सुविधा
Salaried Loan
अब खास आपके लिए
लोन लेना हुआ और भी आसान
अब आप घर बैठे ही अपने मोबाइल से Instant Salaried Loan के लिए Apply कर सकते हैं।
कृपया दिए गए QR कोड को स्कैन करें या हमारी वेबसाइट www.dharamotor.com पर क्लिक करें और मोबाइल एप्लिकेशन इंस्टॉल करें और अपने सैलरी लोन के लिए आज ही आवेदन करें।
हमारा सैलरी लोन क्यों चुनें?
• तेज़ और आसान प्रक्रिया
• न्यूनतम दस्तावेज़
• आकर्षक ब्याज दर
• आसान EMI सुविधा
• शीघ्र लोन अप्रूवल और डिस्बर्समेंट
पात्रता (Eligibility)
• सरकारी कर्मचारी
• प्राइवेट सेक्टर कर्मचारी
• नियमित मासिक आय वाले व्यक्ति

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
पंजीकृत कार्यालय : धारा कॉम्प्लेक्स, सिविल लाइन्स-1, बिजनौर-246701
दूरभाष : 01342-262561, 6396752764, 7060210125
Corporate Office (Delhi) : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Basant Kunj Road, Mahipalpur, New Delhi. Ph.: 011-41662561
www.dharamotor.com dmf_bijnor@yahoo.com

## चोरी की दो वारदात, बंद मकानों से चोर ले गये नकदी व ज़ेवरात

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** चोरों ने ग्राम उद्योवाला व रेहड़ में दो घरों को निशाना बनाते हुए वहां से नकदी व जेवरात चोरी कर लिये। अफजलगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम उद्योवाला निवासी शिक्षक भूपेंद्र सिंह का कहना है कि वे परिजनों के साथ जिकरीवाला स्थित मोहित चौहान के यहां सोमवार की रात्रि जागरण सुनने गए थे, घर पर कोई नहीं था। मंगलवार को जब वे घर लौटे तो संदूक वगैरा खुला देख दंग रह गए। बिखरे पड़े सामान में छानबीन के बाद उन्हें पता चला कि चोर उनकी माताजी व बेटी के सोने-चांदी के जेवरात एवं नकदी चुराकर ले गए। पीड़ित ने थाना अफजलगढ़ पुलिस को घटना की सूचना दे दी है। थानाध्यक्ष विजेंद्र सिंह राठी ने बताया कि घटना के संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। शीघ्र ही पर्दाफाश किया जाएगा। उधर रेहड़ निवासी नाजमीन पत्नी शहजाद ने थाना प्रभारी रेहड़ को दिए प्रार्थना-पत्र में बताया कि उसका पति काम के सिलसिले में सऊदी अरब रहता है। वह अपनी 10 वर्षीय पुत्री अल्फिशा के साथ उत्तराखंड के जसपुर स्थित अपने मायके गई हुई थी। नाजमीन का कहना है कि जब वह मंगलवार को वहां से लौटी तो पता चला कि चोरी हो गई। नाजमीन ने बताया कि चोर घर में रखे नकदी व कुछ सोने-चांदी के जेवरात चुराकर ले गए हैं। थानाध्यक्ष रेहड़ राजीव कुमार वर्मा ने बताया कि घटना की बाबत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। शीघ्र ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

Hero
अप्रैल में हीरो के साथ शानदार ऑफर के साथ

1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक
CASH DISCOUNT OFFER

| S.No | Model | Offer Amount (Rs) |
|---|---|---|
| 1 | Scooters (Minus Xoom 125, Xoom | 3000 |
| 2 | HF Deluxe | 2100 |
| 3 | Super Splendor | 3000 |
| 4 | Xtreme 125R | 2500 |
| 5 | Glamour X | 2500 |
| 6 | Premium Segment | 5000 |
| 7 | Mavrick | 50000 |
| 8 | Xtreme 160R (old) | 10000 |

आवश्यकता है
1.कुशल मैकेनिक 2.सुपरवाइजर 3.सेल्स एग्जीक्यूटिव मेल/फीमेल 4.नेटवर्क मैनेजर 5.फीमेल टेलीकॉलर
कविता मोटर्स
हीरो मोटो कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, बिजनौर
मो. 9289922765, 9457937407

**भली लगे या बुरी ...**

## नेपाल में बालेन सरकार-1

नेपाल में 'नया संविधान' लागू होने के बाद 18 साल में 14 सरकारें बदलने, नेताओं के कपड़े बदलने के साथ ही दल बदलने, लगातार गठबंधनों का स्वरूप बदलने, सर्वोच्च शिखर पर बेशर्मी के साथ भयानक भ्रष्टाचार तथा संभवत: चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के इशारे पर जानबूझ कर कई बार भारत-विरोधी दृष्टिकोण अपनाने से आजिज आ चुकी युवा पीढ़ी अर्थात जी-जेनजी के विद्रोह से नेपाली राजनीति में नए युग की शुरुआत हुई है। चार साल में काठमांडू के मेयर से प्रचंड बहुमत के साथ प्रधानमंत्री की कुर्सी पर पहुंचने वाले, रैपर गीतकार बालेन शाह को जनता का अभूतपूर्व समर्थन प्राप्त है और उम्मीद की जाती है कि उनके गीतों पर झूमने वाली युवा पीढ़ी उनकी सरकार द्वारा तेजी से उठाए जाने वाले कदमों का भी उसी तरह से समर्थन करेगी। बालेन शाह ने रामनवमी के दिन ठीक उस समय प्रधानमंत्री पद की शपथ ली जब अयोध्या में भगवान राम का 'सूर्य तिलक' हो रहा था। घंटे-घड़ियालों की ध्वनि के बीच इस समारोह ने स्पष्ट संकेत दिए कि नेपाल अपनी 'हिंदू संस्कृति' को न केवल बनाए रखेगा, वरन् उसे मजबूत भी करेगा। नेपाल में राजतंत्र के विरोध में हुए जनान्दोलन में नेपाली कांग्रेस जैसी पुरानी पार्टियों के साथ अनेक कम्युनिस्ट समूह भी थे जो 'हिंदू संस्कृति' तथा भारत से संबंधों के भी समर्थक नहीं थे। हालांकि, कम्युनिस्ट गुटों में भारी मतभेद भी थे, पर चीनी कम्युनिस्ट पार्टी ने राजनय और धनबल से उनको एकजुट करने तथा पूरे नेपाल को भारत के खिलाफ खड़ा करने के लगातार प्रयास किए थे। विडंबना है कि नेपाली कम्युनिस्टों ने सर्वोच्च सत्ता शिखर पर व्याप्त भयानक भ्रष्टाचार तथा कुछ परिवारों की तानाशाही का विरोध करना तो दूर इस पर नजर भी नहीं डाली। केवल इतना ही नहीं, वे स्वयं भी भ्रष्टाचार में आकंठ डूब गए तथा कभी चीन के इशारे पर भारत के खिलाफ तथा कभी अमेरिका की गोद में बैठने के प्रयास करते रहे। नेपाल में व्याप्त राजनीतिक अस्थिरता से देश की अर्थव्यवस्था संकट में फंसी रही तथा अधिकांश नेपाली नौजवानों को रोजी-रोटी के लिए विदेश जाना पड़ा। ...जारी

# फ़र्ज़ी बाबाओं के व्यभिचारी मकड़जाल



डा. सुधाकर आशावादी


धर्म एक अनुशासनात्मक जीवनशैली का परिचायक है, किन्तु धार्मिक अनुष्ठानों के नाम पर तथाकथित धर्मगुरुओं और ज्योतिषियों द्वारा मर्यादा के विपरीत आचरण समाज में किस प्रकार पतन का मार्ग प्रशस्त कर रहा है। यह किसी से छिपा हुआ नहीं है।

कहना गलत न होगा कि आधुनिक युग में टोने टोटके, ज्योतिष के नाम पर पाखंडियों का व्यभिचारी आचरण जहां ज्योतिष विद्या को बदनाम कर रहा है, वहीं उनकी कुत्सित मनोवृत्ति के चलते समाज में वासना का गन्दा खेल खेला जा रहा है। यदि ऐसा न होता, तो महाराष्ट्र के एक फर्जी ज्योतिषी अशोक कुमार खरात उर्फ़ केप्टन बाबा के 150 से अधिक महिलाओं के साथ देह संबंधों का खुलासा न होता। अशोक खरात तो एक उदाहरण भर है, यदि फर्जी ज्योतिषियों की जांच की जाए, तो ऐसे ज्योतिषियों की पूरी श्रृंखला सामने आ सकती है, जो नारी दुर्बलता का लाभ उठाकर उन्हें अपने चंगुल में फंसाकर व्यभिचार करने से नहीं चूकते तथा तंत्र, मंत्र विद्या, सम्मोहन तथा अनेक प्रकार के प्रपंच रचकर नारियों का आर्थिक व दैहिक शोषण करते हैं।




यदा कदा ऐसे प्रसंग सामने आते ही रहते हैं कि सुनियोजित तरीके से ऐसे तत्वों का एक बड़ा साम्राज्य खड़ा होता है, जिनके प्रभाव में आकर सियासत से जुड़े प्रतिष्ठित लोग भी ऐसे तत्वों को बढ़ावा देते हैं। ताज्जुब तब होता है कि जब ऐसे ढोंगियों की शिकार समाज की संभ्रांत और प्रतिष्ठित समझी जाने वाली महिलाएं भी हो जाती हैं। फर्जी ज्योतिषी बाबा अपनी कामेच्छा पूरी करने के लिए अंधविश्वास से ग्रस्त महिलाओं को भय दिखाकर अपनी मनमानी करने में पीछे नहीं रहते तथा जिस समय यौन शोषण के पीछे ज्योतिषी के मंसूबों की कलई खुलती है, उस समय बहुत देर हो चुकी होती है। बहरहाल एक ओर जहां देश आधुनिकीकरण की ओर बढ़ रहा है तथा नारी सशक्तिकरण की बातें की जा रही हैं, वहां प्रभावशाली महिलाओं का ऐसे ज्योतिषियों को अपना धर्मगुरु मानकर अनुसरण करना यह सिद्ध करता है कि व्यभिचारी आचरण किसी की भी बुद्धि हर सकता है तथा किसी भी प्रभावशाली समझे जाने वाले व्यक्ति का काला सच उजागर करने में समर्थ हो सकता है। इस श्रेणी में फर्जी ज्योतिषियों की तरह अनेक ऐसे व्यभिचारी आते हैं, जो धर्म की आड़ में तंत्र विद्या का प्रचार करके अपने व्यभिचारी मंसूबों को पूरा करते हैं। इस प्रकार के प्रकरणों में किसी धर्म विशेष के धर्मगुरुओं को सीमित रखना उचित नहीं है, अधिकांश धर्मों में इस प्रकार के व्याभिचारी किस्से प्रकाश में आते रहे हैं। सवाल यह है कि धर्म और ज्योतिष की आड़ में इस प्रकार के गोरख धंधे को आखिर कब तक खुली छूट मिली रहेगी? (विभूति फीचर्स)

# संस्कृत को समर्पित आयरलैंड के संस्कृत दूत पद्मश्री रटगर कोर्टेनहॉर्स्ट




पद्मश्री रटगर कोर्टेनहॉर्स्ट आयरलैंड के डबलिन स्थित जॉन स्कॉटस सीनियर स्कूल में संस्कृत के प्रखर शिक्षक हैं, जिन्हें 2022 में भारत सरकार ने साहित्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में पद्मश्री से सम्मानित किया। उनकी उपलब्धियां न केवल संस्कृत को पश्चिमी जगत में जीवंत बनाती हैं, बल्कि इस भाषा के शाश्वत महत्व को भी रेखांकित करती हैं, जो ज्ञान, संस्कृति और कल्याण का आधार है। 21 वर्ष की आयु में ट्रिनिटी कॉलेज डबलिन में पढ़ते हुए रटगर को डब्ल्यू. बी. यीट्स द्वारा अनुदित 'द टेन प्रिंसिपल उपनिषद्' तथा भारती कृष्ण तीर्थ की 'वैदिक गणित' ने संस्कृत की ओर आकर्षित किया। 2006-2007 में बैंगलोर के वेद विज्ञान गुरुकुलम में उन्होंने डॉ. रामचंद्र भट्ट के मार्गदर्शन में तैत्तिरीय उपनिषद्, व्याकरण, विवेक चूड़ामणि और बोलचाल की संस्कृत सीखी। 2008-2009 में उन्होंने पश्चिमी बच्चों के लिए नई शिक्षण पद्धति विकसित की तथा पॉन्डिचेरी के श्री अरविंद आश्रम में डॉ. नरेंद्र से सरल संस्कृत प्रचार की शिक्षा ग्रहण की।

आयरलैंड में वाइस प्रिंसिपल पद त्याग कर उन्होंने पूर्णकालिक संस्कृत शिक्षण को अपनाया, जहां जॉन स्कॉटस स्कूल (1986 से संस्कृत अनिवार्य विषय) के छात्रों को इंटरैक्टिव तरीके से जटिल व्याकरण सिखाया। आयरिश बच्चों के लिए संस्कृत पुस्तकें प्रकाशित कीं तथा 2016 से 12-15 वर्ष के बच्चों के लिए आयुर्वेद-योग आधारित 'टवेलबीइंग' कोर्स चलाया। उनका यूट्यूब चैनल संस्कृत कक्षाओं और उपनिषदीय मंत्रोच्चारण से भरा हुआ है, जो वैश्विक प्रचार का माध्यम बना। 2020 में भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद से विश्व संस्कृत पुरस्कार तथा 2022 में पद्मश्री प्राप्ति उनकी उपलब्धियों का प्रमाण है। पीएम नरेंद्र मोदी ने 29 अगस्त 2021 के 'मन की बात' में उनका उल्लेख किया।



विवेक रंजन श्रीवास्तव

भारत-आयरलैंड सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत करने हेतु राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने 28 मार्च 2022 को नई दिल्ली में उन्हें पद्मश्री पुरस्कार प्रदान किया।

संस्कृत केवल एक भाषा मात्र नहीं है, अपितु अद्वैत वेदांत, आयुर्वेद, योगसूत्र और भगवद्गीता का ज्ञानकोश है। उनके प्रयासों से आयरलैंड जैसे यूरोपीय देश में बच्चे संस्कृत बोलते-समझते हैं, जो सिद्ध करता है कि संस्कृत भाषा वैज्ञानिक संरचना है। उन्होंने प्रमाणित कर दिखाया है कि संस्कृत, बच्चों में मस्तिष्क विकास, एकाग्रता और नैतिक मूल्यों को पोषित करती है।

वैश्विक संदर्भ में संस्कृत, योग-आयुर्वेद के प्रसार से मानसिक कल्याण सुनिश्चित करती है। रटगर के वेलबीइंग कोर्स में यह स्पष्ट दृष्टिगोचर होता है। भारत की सांस्कृतिक धरोहर को वैश्विक पटल पर स्थापित कर वे सिद्ध करते हैं कि संस्कृत 'देववाणी' के रूप में आधुनिक वैश्विक आवश्यकता है।

# बिजनौर में 50 गेहूं क्रय केंद्र स्वीकृत, एमएसपी 2585 रुपये प्रति कुंतल

## डीएम ने व्यवस्थाएं दुरुस्त कर तुरंत केंद्र संचालित करने के निर्देश दिये

**बिजनौर (चिंगारी)।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने रबी विपणन वर्ष 2026-27 के अंतर्गत न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) योजना की जानकारी देते हुए बताया कि शासन द्वारा खाद्य विभाग, पीसीएफ एवं भारतीय खाद्य निगम सहित कुल 50 गेहूं क्रय केंद्रों को स्वीकृति प्रदान की गई है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष गेहूं के समर्थन मूल्य में विगत वर्ष की तुलना में 160 रुपये प्रति कुंतल की वृद्धि की गई है, जिसके तहत अब 2585 रुपये प्रति कुंतल की दर से गेहूं खरीदा जाएगा। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी ने सभी



क्रय एजेंसियों के जिला प्रबंधकों को निर्देशित किया कि स्वीकृत केंद्रों पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण कर उन्हें तत्काल क्रियाशील बनाया जाए। उन्होंने केंद्र प्रभारियों को निर्देश दिये कि किसानों का रजिस्ट्रेशन और सत्यापन सुनिश्चित करते हुए उन्हें अधिकतम सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। साथ ही सभी केंद्रों पर किसानों के बैठने, स्वच्छ पेयजल, सफाई आदि की समुचित व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिये। उन्होंने बाट-माप अधिकारी को सभी केंद्रों पर निर्धारित मानकों के अनुरूप बाट और माप का सत्यापन सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) अंशिका दीक्षित, जिला खाद्य विपणन अधिकारी सहित संबंधित एजेंसियों के प्रबंधक एवं केंद्र प्रभारी उपस्थित रहे।

# कृष्णा फार्मेसी कॉलेज ने जीता वॉलीबॉल का फाइनल मैच




**बिजनौर (चिंगारी)।** कृष्णा ग्रुप ऑफ कॉलेजेस द्वारा नेहरू स्टेडियम बिजनौर में आयोजित दो दिवसीय अंतर्विभागीय खेल कार्यक्रम का समापन उत्साह और उमंग के साथ हुआ। कार्यक्रम के दूसरे दिन मुख्य आकर्षण वॉलीबॉल और क्रिकेट के मैच रहे। वॉलीबॉल मुकाबला काफी रोमांचक रहा, जिसमें कृष्णा ग्रुप के विभिन्न महाविद्यालयों की आठ टीमों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। फाइनल मुकाबले में कृष्णा फार्मेसी कॉलेज ने क्रिकेट मैच में खिलाड़ियों ने शानदार बल्लेबाजी और गेंदबाजी का प्रदर्शन किया। दर्शकों की तालियों और उत्साह के बीच कृष्णा कॉलेज और कृष्णा इंस्टीट्यूट का मुकाबला बेहद रोमांचक रहा। कृष्णा कॉलेज ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 55 रनों से खिताब अपने नाम किया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि वन विभाग के उपखंड अधिकारी अंशुमान मित्तल, रेंजर महेशचंद्र गौतम, जिला क्रीड़ा अधिकारी राजकुमार, कालेज के संस्थापक राजीव कुमार, चेयरमैन मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, लॉ कॉलेज प्राचार्य डा. परवेज अहमद खां, साइंस कॉलेज प्राचार्या डा. सीमा शर्मा, फार्मेसी प्राचार्य डा. अंकित कुमार सैनी, प्राचार्य डॉ. विवेक एवं महाविद्यालय की खेल समिति द्वारा विजेता एवं उपविजेता टीमों और विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी, मेडल एवं प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। भारतीय सेना में कार्यरत राष्ट्रीय स्तर के वॉलीबॉल खिलाड़ी शेखर ने भी अपनी उपस्थिति से खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। महाविद्यालय चेयरमैन मनोज कुमार ने खेल भावना की सराहना करते हुए कहा कि हर प्रतिभागी एक विजेता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में क्रीड़ा सचिव विशाल विक्रम सिंह व अरमान मलिक, क्रीड़ा अधिकारी संजीव कुमार व विचित्रा मलिक एवं समस्त शिक्षकों और कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# बच्चों को बैग, स्कूल को पंखे दिये



**चांदपुर (चिंगारी)।** इनरव्हील क्लब ऑफ चांदपुर आरोही के द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल में जरूरतमंद विद्यार्थियों को स्कूल बैग वितरित किए गए तथा साथ ही स्कूल को पंखे दिये गये। इस अवसर पर क्लब के पदाधिकारियों ने बच्चों को शिक्षा के महत्व के बारे में बताया और उन्हें मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर क्लब प्रेसिडेंट नीलिमा त्यागी, डीआईएसओ श्रीमती नीरू गुप्ता एवं वाइस प्रेसिडेंट प्रिंसा बस्सी आदि उपस्थित रहीं।

# बीमारी से था परेशान, वृद्ध ने फांसी लगाकर दी जान

**बिजनौर (चिंगारी)।** समीपवर्ती ग्राम हादरपुर में बीमारी से परेशान 65 वर्षीय व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस जांच कर रही है। गांव हादरपुर निवासी ब्रह्मपाल (65वर्ष) पुत्र नत्थू सिंह ने सोमवार की रात को घर के पास एक पेड़ से लटककर फांसी लगा ली। घटना की जानकारी परिजनों को मंगलवार की सुबह को लगी। परिजनों के अनुसार ब्रह्मपाल अविवाहित थे और लंबे समय से बीमारी से जूझ रहे थे। वे मानसिक रूप से परेशान रहते थे। इसी कारण उन्होंने यह कदम उठाया। पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शहर कोतवाल रामप्रताप सिंह का कहना है कि तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# स्कूल चलो अभियान के तहत निकाली जागरूकता रैली

## शिक्षा से वंचित न रहने का दिया संदेश




**बिजनौर (चिंगारी)।** प्राथमिक विद्यालय मोहम्मद अलीपुर द्वारका में 'स्कूल चलो अभियान' के अंतर्गत जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली के दौरान बच्चों ने 'स्कूल चलो-स्कूल चलो, शिक्षा है सबका अधिकार' जैसे नारे लगाते हुए घर-घर जाकर लोगों को बच्चों के नामांकन के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के दौरान नवप्रवेशित बच्चों का स्वागत खंड शिक्षा अधिकारी राजमोहन गुप्ता द्वारा तिलक, फूलमाला और पुस्तकों के वितरण के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी नजीबाबाद राजमोहन गुप्ता, एआरपी रितेश भाटिया, डॉ. राहुल वर्मा, सूची राणा तथा प्रभारी प्रधानाध्यापक दीपक महेंद्रा द्वारा सरस्वती मां के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर कई नये बच्चों का नामांकन भी किया गया। प्रभारी प्रधानाध्यापक दीपक महेंद्रा ने बताया कि यह अभियान शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार संचालित किया जा रहा है, ताकि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। एआरपी रितेश भाटिया ने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया, जबकि सूची राणा ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से बाल वाटिका में अधिक से अधिक बच्चों का प्रवेश कराने की अपील की। खंड शिक्षा अधिकारी राजमोहन गुप्ता ने बच्चों को शिक्षा के महत्व के बारे में बताया और नि:शुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया। कार्यक्रम में निधि खुराना, दिनेश कुमार, आंगनबाड़ी कार्यकत्री शिखा चौधरी, सहायिका बृजेश, कुसुम सहित अनेक ग्रामवासी उपस्थित रहे। अभिभावकों ने भी इस पहल की सराहना की।

# अभय प्रताप सिंह का अपने विद्यालय पहुंचने पर हुआ स्वागत



**धामपुर ( चिंगारी )।** रामगोपाल रामचन्द्र सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज के पूर्व छात्र अभय प्रताप सिंह उत्तर प्रदेश पीसीएस में बालक वर्ग में प्रथम स्थान पाकर बने एसडीएम बन गए हैं। अभय प्रताप सिंह अपने अपने गुरुजनों का आशीर्वाद प्राप्त करने विद्यालय पहुंचे, जहां उनका भव्य स्वागत हुआ। नगीना चौराहा से उन्हें बैंड बाजे के साथ लाया गया। विद्यालय पहुचने पर उन्हें फूलमालाओं से लाद दिया गया। उनके साथ उनके पिता संदेश कुमार (इंस्पेक्टर साहब), माता श्रीमती अनुराधा( ग्राम प्रधान मटोरा दर्गा), चाचा अवधेश कुमार (अध्यापक), चाची सलोनी आदि भी आये। अभय प्रताप ने अपनी सफलता के पीछे अपने माता-पिता, चाचा-चाची के साथ गुरुजनों का भी आशीर्वाद बताया। अभय प्रताप ने विद्यालय में अध्ययन रत छात्रों को प्रतियोगिता परिक्षाओं में सफलता हेतु टिप्स दिए। विशेष रूप से समय पालन, माता पिता की आज्ञा पालन, लक्ष्य के प्रति पूर्ण समर्पण आदि पर बल दिया। अभय कक्षा 6 से 12 तक इस विद्यालय में अध्ययनरत रहे। अभय हमेशा ही अपनी कक्षा में प्रथम आया करते थे। कक्षा 12 में अभय प्रथम स्थान पर रहे। अन्य गतिविधियों में भी वे सदा सक्रिय रहते थे। प्रश्नमंच प्रतियोगिता में वह अखिल भारतीय स्तर तक पहुंचे। विद्यालय के प्रधानाचार्य हेमेन्द्र सिंह ने उन्हें भविष्य में और अधिक सफलता प्राप्त करने की शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर पूर्व छात्र परिषद के प्रांतीय सह संयोजक अंकित राणा, शिशु शिक्षा के मंत्री नितीश शर्मा, विद्यालय के इकाई संयोजक प्रवीन कुमार के अतिरिक्त नगर के अनेक गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन आचार्य रामजी पाण्डेय ने किया। वंदना विनय शर्मा ने करायी। विद्यालय के सभी आचार्य इस अवसर पर उपस्थित रहे।

# दो बसों की टक्कर में अनेक यात्री घायल

**चिड़ियापुर ( चिंगारी )।** देर रात रसियाबड के पास हाईवे पर दो बसों की आमने-सामने की टक्कर में बसों में बैठी सवारियां घायल हो गई। सूचना पर तत्काल मौके पर क्षेत्राधिकारी नगर व कोतवाली श्यामपुर प्रभारी नितेश शर्मा पुलिस बल के साथ पहुंचे। मौके पर प्राइवेट बस व रोडवेज बस की आपस में टकराने से बसों में सवारियां फंसी हुई थी।

प्राइवेट बस देहरादून से बारात को लेकर वापस लौटकर नांगल सोती (बिजनौर) जा रही थी व रोडबेज बस बिजनौर से हरिद्वार आ रही थी। प्राइवेट बारात की बस में सवार 10-15 व्यक्ति घायल हो गये थे जिनमें से 02 व्यक्ति बस में फंसे हुये थे जिनको पुलिस बल द्वारा बस से बाहर निकालकर तत्काल घायलों सहित 108 एम्बुलेंस के माध्यम से उपचार हेतु अस्पताल भिजवाया गया। यात्रीयो को दूसरी बसो में बैठाकर उनके गंतव्य के लिये रवाना किया गया। कोतवाली श्यामपुर प्रभारी नितेश शर्मा ने बताया सभी घायलों को हॉस्पिटल भिजवाया गया है। घायलों के परिजनों को सूचित किया जा चुका है। दोनों बसों को सड़क किनारे सुरक्षित खड़ा कर दिया गया है।

# भाकियू-अ ने किया अभय प्रताप सिंह का सम्मान



दिगंबर सिंह गांव मटोरा दुर्गा में अभय प्रताप सिंह को स्मृति चिन्ह देते हुए।

**धामपुर ( चिंगारी )।** भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक की मासिक पंचायत युवा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी दिगंबर सिंह के निर्देशन में पीसीएस पद के चयनित अभय प्रताप सिंह निवास स्थान ग्राम मटौरा दर्गा में हुई। बैठक में किसान भाइयों से नवचयनित पीसीएस ठाकुर अभय प्रताप सिंह से प्रेरणा लेकर अपने बच्चों के लिए बेहतर पढ़ाई कराने के लिए कहा गया।

इस अवसर पर अभय प्रताप का सम्मान पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया। बैठक में कार्यकर्ताओं पर पुलिस द्वारा झूठे मुकदमे दर्ज करने पर रोष व्यक्त किया गया। बैठक में युवा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी दिगंबर सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष अतुल बालियान, जिला उपाध्यक्ष दुष्यंत राणा, ब्लॉक अध्यक्ष धामपुर अजय राजपूत, भानु प्रताप राणा, अरविंद राजपूत, वीरेंद्र कुमार, विजयपाल सिंह, सुभाष चौहान, सुशील कुमार संगठन मंत्री, सुरेश कुमार तहसील महासचिव, सुनील प्रधान, संजय कुमार, दिनेश प्रधान, कुशल पाल सिंह, जयप्रकाश सिंह, उत्तम सिंह, रणवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

# 19 अप्रैल को निकाली जायेगी भगवान परशुराम की शोभायात्रा



**धामपुर ( चिंगारी )।** नगर में ब्राह्मण सभा पंजीकृत धामपुर द्वारा दिनांक 19 अप्रैल को 11 बजे श्री राधे कृष्ण मंदिर धामपुर से भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर विशाल भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा को भव्य बनाने के लिए कल श्री राधा कृष्ण मंदिर में ब्राह्मण सभा के पदाधिकारियों की एक बैठक आयोजित हुई जिसमें अनिल कुमार शर्मा इंजीनियर, संदीप शर्मा, नवचेतन शर्मा, संजीव शर्मा, सचिन दत्त शर्मा, हर्ष राणा, लक्ष्मण सिंह, गौरव दुबे, कुलदीप शर्मा, योगेश शर्मा मूला, परितोष शास्त्री, वंश शर्मा, संजय कात्यायन एडवोकेट, दीपक शर्मा, आकाश शर्मा, सिवान शर्मा, विवेक शर्मा, बिट्टू, हृदय शर्मा आदि ने भाग लिया। शोभायात्रा को भव्य बनाने के लिए गहन विचार विमर्श किया गया। विशेष रूप से प्रत्येक घर से मातृशक्ति को शोभायात्रा में सहभागिता करने हेतु आवाहन किया गया। बाहर से आने वाले अतिथियों के स्वागत हेतु अलग से स्वागत समिति बनाने और मातृशक्ति की स्वागत समिति बनाने का निर्णय लिया गया। इस संबंध में पुन: वृहत मीटिंग आयोजित करने का निर्णय लिया गया।

# कमिश्नर दीपक रावत ने खेत में पहुंचकर किया डीसीएस सर्वे



**नैनीताल ( चिंगारी )।** डिजिटल क्रॉप सर्वे (डी.सी.एस.) का कार्य नैनीताल जनपद में शुरू हो गया है। कमिश्नर कुमाऊं/सचिव मुख्यमंत्री दीपक रावत ने रामपुर रोड स्थित हरिपुर रतनसिंह ग्राम में किसानों के खेत में पहुंचकर डिजिटल क्रॉप सर्वे किया। कमिश्नर ने कहा कि यह केन्द्र सरकार की एक आधुनिक पहल है, इस सम्बन्ध में मुख्य सचिव ने भी निर्देश दिये है। कमिश्नर ने बताया कि यह मोबाइल आधारित प्रक्रिया है इसमें जियो-फेंसिंग और सैटेलाइट इमेजरी के उपयोग से वास्तविक समय में खेतों में बोई गई फसलों का सटीक डेटा एकत्र किया जाता है इसका मुख्य उद्देश्य पारंपरिक सर्वे को बदलकर डिजिटल माध्यम से फसल का सही आंकलन करना है। कमिश्नर रावत ने बताया कि डिजिटल क्रॉप सर्वे हो जाने से किसानों की जमीन के बारे में साइंटिफिक डाटा उपलब्ध हो जाएगा और जरूरतमंद किसानों को योजनाओं का उचित लाभ मिल पाएगा। डिजिटल क्राप सर्वे योजना में फसलों के रियल टाइम में बोई गई फसलों का कवरेज एरिया का सही आकलन किया जा सकेगा, जिससे फसलों के मार्केटिंग और स्ट्रेटजी मेकिंग में सहूलियत होगी।

उन्होंने कहा कि डिजिटल क्रॉप सर्वे समय रहते करने से केन्द्र सरकार द्वारा प्रोत्साहन भी प्रदेश को मिले और कार्य समय रहते पूर्ण हो। कमिश्नर ने डीसीएस कार्य से जुड़े सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों का हौंसला बढ़ाते हुए सर्वे कार्य पूरी शुद्धता व समयबद्धता से पूर्ण करने के निर्देश दिये। इस दौरान तहसीलदार कुलदीप पाण्डे,राजस्व निरीक्षक अरुण देवरानी, उप निरीक्षक अरुण वर्मा सहित अन्य उपस्थित रहे।

# विधायक ओमकुमार ने किया प्रयास
# जल्द होगा रोडवेज़ बस स्टैण्ड का विकास



**नहटौर ( चिंगारी )।** जल्द ही नहटौर रोडवेज बस स्टैंड नहटौर को पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मॉडल के अंतर्गत विकसित किया जाएगा। इसके कायाकल्प के लिए शासन की मंजूरी मिल गयी है।

नहटौर विधायक ओमकुमार ने रोडवेज बस स्टैंड को पुन:निर्मित करने एवं डिपो घोषित करने के संबंध में विधानसभा प्रक्रिया एवं संचालन नियमावली के अंतर्गत शासन स्तर से कार्रवाई की मांग करते हुए प्रस्ताव दिया था। विधायक ओमकुमार ने समय-समय पर परिवहन विभाग से मिलकर प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा भी की थी। परिवहन मंत्री दयाशंकर राणा ने विधायक ओम कुमार को लिखित में अवगत कराया कि रोडवेज बस स्टैंड नहटौर को पीपीपी अर्थात सार्वजनिक निजी भागीदारी के अंतर्गत द्वितीय चरण में विकसित किया जाएगा, जिसमें निजी संस्था द्वारा बस स्टैंड का निर्माण कराया जाएगा। कार्य में होने वाले खर्च की पूर्ति बस सेवा के अलावा अन्य आय के स्त्रोत से की जाएगी। बताया जाता है कि मुख्यमंत्री की ओर से सार्वजनिक निजी भागीदारी के अंतर्गत दूसरे चरण में जल्द ही रोडवेज बस स्टैंड का कायाकल्प कराया जाएगा।

# तालिब बंधुओं को जिला बदर करने की मांग



**चांदपुर ( चिंगारी )।** भाजपा विधि प्रकोष्ठ चांदपुर ने मुख्यमंत्री के नाम उपजिलाधिकारी चांदपुर को ज्ञापन देकर पूर्व सांसद कुंवर भारतेंद्र सिंह पर जानलेवा हमला करने के आरोपियों को जिला बदर किये जाने की मांग की। ज्ञापन देने वालों में हरिशवर सिंह एडवोकेट, मुनेश कुमार, आदेश पाल सिंह, जसवीर सिंह सैनी, विपिन कुमार, अवनीश कुमार एडवोकेट, बागेश्वर सिंह, देवेन्द्र सिंह, विनय कुमार, रनवीर सिंह, गोल्डी कुमार आदि अधिवक्ता शामिल थे।

# जगह-जगह गुलदार दिखाई देने से लोगों में दहशत



**नहटौर ( चिंगारी )।** घर लौट रहे जिला पंचायत सदस्य की गाड़ी के आगे गुलदार दिखाई देने से लोगों में दहशत है। ग्रामीणों ने गुलदार पकड़वाने की मांग की है।

ग्राम बेगराजपुर निवासी जिला पंचायत सदस्य रिजवान अहमद गाड़ी से अपने घर जा रहे थे। हल्दौर रोड से बेगराजपुर जाने वाले रास्ते पर सड़क किनारे खेत में गुलदार बैठा हुआ दिखाई दिया। गाड़ी की रोशनी देखते ही गुलदार सड़क पार कर दूसरे खेत में चला गया। गाड़ी में बैठे रिजवान के साथियों ने गुलदार की वीडियो बनाई, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। इसके अलावा गांव में पानी की टंकी के पास भी गुलदार देखे जाने की जानकारी मिली है। ग्रामीणों ने वन विभाग से गुलदार को पकड़वाने की मांग की है। बताया जाता है कि उक्त गुलदार पास के ही गांव नूरपुर खेड़की के पास भी देखा जा रहा है। डेढ़ सप्ताह पूर्व पुलिस क्षेत्राधिकारी धामपुर अभय कुमार पांडे की गाड़ी के आगे भी नूरपुर खेड़की के पास गुलदार सड़क के एक छोर से दूसरे छोर जाता हुआ दिखाई दिया था। वन रेंजर शशांक गुप्ता ने बताया कि वन विभाग की टीम द्वारा गश्त बढ़ाया गया है, जल्द ही पिंजरा भी लगाया जाएगा।

# हादसे के तीन दिन बाद कार चालक के विरुद्ध मुक़दमा दर्ज

**नूरपुर ( चिंगारी )।** सड़क दुर्घटना के तीन दिन बाद अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज हुआ।

थाना क्षेत्र शिवाला कलां के गांव फ़ीना निवासी झड़िया सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गत 4 अप्रैल को समय करीब साढ़े दस बजे उसकी पत्नी छोटी अपने 5 वर्षीय पौत्र अश्विनी को दवाई दिलाने गई थी। घर वापस लौटते समय जब वह गन्ना सेंटर की पास पहुंची तो अमरोहा की ओर से आ रहे कार चालक उसके पौत्र को पीछे से टक्कर मारकर मौके से फरार हो गया। हादसे में उसका पौत्र गम्भीर रूप से घायल हो गया, जिसका बिजनौर के निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर अज्ञात कार चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

# रेडियो संदेश ने टीबी मरीजों को बांटी पोषण पोटली



**बिजनौर ( चिंगारी )।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर रेडियो संदेश बिजनौर की टीम की ओर से राजकीय टीबी चिकित्सालय बिजनौर में मुख्य अतिथि डॉ. कौशलेंद्र सिंह सीएमओ बिजनौर एवं विशिष्ट अतिथि स्वाति वीरा महाजन सचिव रेडियो संदेश बिजनौर ने टीबी के मरीजों को पोषण पोटली बांटी। विशिष्ट अतिथि स्वाति वीरा ने कहा कि हिंदुस्तान में टीबी के मरीजों की संख्या बहुत तेजी से बढ़ रही है। एक स्वस्थ व्यक्ति भी अपना सरकारी अस्पताल में नि:शुल्क एक्स रे कराकर टीबी जांच और दवाइयां लेकर अपने को स्वस्थ रख सकता है। हमें अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहना चाहिए। इस अवसर पर जिला क्षय अधिकारी अनिल कुमार सिंह, अता कौसर, नकुल कुमार, अरविंद यादव आदि एवं समाजसेवी डॉ. अख्तर हुसैन अंसारी खारी वाले, वीरा कॉलेज के निदेशक एवं निश्चय मित्र डॉ. अमित कुमार बंसल एवं समस्त रेडियो संदेश की टीम में शामिल डॉ. अजय कुमार, सुनील भारद्वाज, शबाना बेग, मनोज यादव, संग्राम सिंह आदि उपस्थित रहे।

# गुरुतेग बहादुर पब्लिक स्कूल में हुई बैग सज्जा प्रतियोगिता

**नूरपुर ( चिंगारी )।** धामपुर रोड स्थित स्कूल में मंगलवार को आयोजित बैग चैकिंग प्रतियोगिता में कक्षा 3 से 8 तक के सभी विद्यार्थियों के बैग की नोटबुक-बुक, होमवर्क पूरा करना, साप्ताहिक अध्ययन योजना, टाइम टेबल के हिसाब से बैग लाना, लंच पैक, पानी की बोतल आदि विषयों पर बच्चों के बैग को चैक किया गया। स्कूल बैग चैकिंग रिजल्ट प्रथम स्थान तेज हाउस, द्वितीय स्थान सुभाष हाउस, तृतीय स्थान गांधी हाउस। कक्षा तीन से सार्थक, प्रियांशु, अरुणदीप, आरव, अनबिया, दीक्षित, मयंक, अंगद, विधान, कक्षा चार से अभिनव, देव, धैर्य, दर्श, हरकीरत, विश्वास, कक्षा 5 से अक्षर, भूमि, अरनव, हर्ष, कोसी, हम्माद, पल्लवी, इनाया, कृतिका, सोनाक्षी, आरव, स्वस्ति, मानवी, कक्षा 6 से अंशिका, मानसी, राधिका, दिया, नव्या, काव्या, आयुष, सत्यम, यथार्थ, अभिनाश अंश, धैर्य, जयंत, परी, मानवी, कक्षा 7 से आराध्या, आरोही, अंशिका, चारुल, मीत, श्रद्धा, प्रीत, रूपांशी, अभिनव, इशांत, कार्तिक, मानव, अक्षु, काव्या, शिफान, परी, कक्षा 8 से सद्र, ध्रुव, मनप्रीत, इशप्रीत, अलीशा, आर्यन, गर्व, मयंक, नक्श, प्रत्यक्ष, शुभ, अफान, हरजोत, कनक, काव्य, जीविका, जीशान के बैग सबसे अच्छे रहे।

**तेज हाउस ने प्रथम स्थान प्राप्त किया**

बोर्ड सज्जा प्रतियोगिता रिजल्ट प्रथम स्थान तेज हाउस, द्वितीय स्थान सुभाष हाउस, तृतीय स्थान भगत सिंह हाउस। सुभाष हाउस से प्रभसिमरन, मानसी, दिव्यंका, वंशिका, अग्रिमा, अभय गांधी हाउस से आरुषि, निष्ठा, कशिश, मीनाक्षी, आराध्या, जानवी टैगोर हाउस से अफ्शा, फलक, रियांशी, दीपांशी, यशी, अलीशबा भगत सिंह हाउस से आराध्या, सृष्टि, अनु, सिद्धि, आरुषि, सिद्रा सबसे अच्छे रहे। प्रतियोगिता में वाइस प्रिंसिपल अर्चना राजपूत एवं विद्यालय गतिविधि प्रभारी अंशुल गोयल का व अन्य शिक्षक-शिक्षिकाओं का योगदान रहा। मैनेजिंग डायरेक्टर श्री मनदीप सिंह प्रधानाचार्य श्री अवनीश कुमार व कोओर्डिनेटर श्री दीपक कुमार ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।

# कोर्ट के आदेश पर दर्ज हुआ घर में घुसकर छेड़छाड़ व मारपीट करने का मुक़दमा

**नूरपुर ( चिंगारी )। घर में घुसकर गाली गलौच व छेड़छाड़ करते हुए मारपीट करने के आरोप में न्यायालय के आदेश पर तीन भाइयों समेत चार युवकों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज हुआ।**

नूरपुर थाना क्षेत्र के गांव अफजलपुर बलदानी निवासी एक महिला ने न्यायालय चांदपुर को दिये प्रार्थना-पत्र में बताया कि पड़ोस के गांव मिठाई निवासी युवक बिट्टू उर्फ सन्दीप का उसके घर आना-जाना था। महिला का आरोप है कि उक्त युवक उस पर गलत निगाह रखता है तथा उसके साथ उल्टी सीधी हरकत करता है, जिसकी शिकायत उसने अपने पति से कर दी। उसके पति ने शिकायत पर युवक को डांट दिया था, गत 30 मार्च की सुबह करीब साढ़े दस बजे वह अपने घर पर अकेली थी। इस दौरान बिट्टू उर्फ सन्दीप अपने तीन अन्य साथियों अनी, अर्जुन व आलोक पुत्रगण मूलचंद के साथ उसके घर आया तथा उसे अकेला पाकर उल्टी सीधी हरकतें कर उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा। उसने युवक की हरकतों का विरोध किया तो उसने गाली गलौच करते हुए हमला कर दिया। मेरी चीख-पुकार सुनकर उसकी सास व उसका पति आया तो आरोपियों ने उनके साथ लाठी-डंडे से मारपीट की तथा उसके गले से सोने की चेन व उसकी सास से 37 सौ रुपये छीन लिए। शोर सुनकर आसपास के लोगों को आता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फ़रार हो गए। पीड़िता का आरोप है कि उन्होंने घटना के सम्बंध में स्थानीय पुलिस व पुलिस अधीक्षक से शिकायत की, लेकिन पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध कोई कार्यवाही नहीं की। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। थानाध्यक्ष प्रवेज कुमार ने मुकदमा दर्ज करने की पुष्टि की है।

# अलवर वाले बाबा के आगमन पर हुआ विशाल भण्डारा

**नजीबाबाद (चिंगारी)।** सकल गद्दियों के स्वामी श्री श्री 1008 राम गोपाल गद्दी नशीन महाराज श्री श्री 1008 श्री हर प्रसाद शर्मा (झावल) अलवर वाले बाबा के नजीबाबाद आगमन पर 14 वां विशाल भण्डारा सोमवार को कोटद्वार मार्ग स्थित सुरेश ग्रैंड पैलेस (बैंकट हॉल) में आयोजित किया गया, जिसमें सुंदरकांड का पाठ किया गया। अलवर वाले बाबा द्वारा हवन यज्ञ में आहुति देकर हवन कार्य संपन्न कराया गया। सुंदरकांड पाठ के समापन पर अलवर वाले बाबा द्वारा भक्त जनों को प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर बाबा के दर्शन कर धर्म लाभ उठाया। कार्यक्रम में अशोक राजपूत, रमन अग्रवाल, कमल सेठी, शक्ति गर्ग, शुभम कौशिक, सुनील सैनी, नमन गोयल, सुमन कौशिक, नकुल अग्रवाल, सुरेश, अरविंद प्रधान, दिनेश मित्तल, विपिन कुमार प्रजापति, सत्य प्रकाश, विकास, हिमांशु त्यागी आदि के द्वारा कार्यक्रम की व्यवस्था बनाई गई। गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी विशाल भंडारा आयोजित किया गया। इस वर्ष 14 वां विशाल भंडारा नगर नजीबाबाद में आयोजित किया गया। भंडारे में काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने भंडारे में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया।



नगर आगमन पर अलवर वाले बाबा का स्वागत करते श्रद्धालु।

# अपना दल एस को जमीनी स्तर तक मजबूत करने का निर्णय

**नजीबाबाद (चिंगारी)।** अपना दल एस की मासिक बैठक जिला कार्यालय बिजनौर पर आयोजित की गई। जिसमें पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने संगठन की मजबूती, पार्टी के विस्तार एवं आगामी कार्यक्रमों को लेकर गहन चर्चा की। बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि पार्टी हित को सर्वोपरि रखते हुए सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत करेंगे तथा गांव-गांव तक पार्टी की पकड़ को सशक्त बनाएंगे। जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र चैधरी ने कहा कि पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाना हमारा प्रमुख लक्ष्य है। संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत कर हम पार्टी को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे। प्रत्येक कार्यकर्ता पूरी निष्ठा व समर्पण के साथ पार्टी हित में कार्य करे। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि 14 अप्रैल को भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती को भव्य एवं गरिमामय तरीके से मनाया जाएगा, जिसकी विस्तृत रूपरेखा तैयार की गई। सभी कार्यकर्ताओं ने 'आओ चलें गांव की ओर, जन-जन का बल, अपना दल' के नारे के साथ संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया। बैठक में वकील अहमद, किशोर कुमार, राजीव राठी, मोबीन, कुमार, उपासना राजपूत, रमेश चैधरी, नरेश कुमार, भारत सिंह, संजीव, डॉ. देवेंद्र, ठाकुर अनूप वाल्मीकि प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।





शैक्षिक भ्रमण का आनंद लेते विद्यार्थी।

# एमबीए व बीबीए के विद्यार्थियों ने किया प्राकृतिक शैक्षणिक भ्रमण

नजीबाबाद (चिंगारी)। नार्थ इंडिया ग्रुप ऑफ कॉलेजेस के प्रबंधन शिक्षा विभाग द्वारा एमबीए एवं बीबीए के विद्यार्थियों के लिए परीक्षा के बढ़ते तनाव को कम करने तथा उनके मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से एक दिवसीय प्राकृतिक शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। यह भ्रमण उत्तराखंड के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल रॉबर्स केव (गुच्चू पानी), देहरादून में संपन्न हुआ। इस भ्रमण का सफल संचालन समन्वयन विभाग के भ्रमण कोऑर्डिनेटर मुकय्यान मोईन अंसारी द्वारा किया गया। विद्यार्थियों ने इस प्राकृतिक स्थल की अद्भुत गुफाओं, ठंडे जल स्रोतों एवं हरियाली से भरपूर वातावरण का आनंद लिया। भ्रमण के दौरान विभिन्न मनोरंजक एवं समूह गतिविधियों का भी आयोजन किया गया, जिससे विद्यार्थियों में टीम वर्क, नेतृत्व क्षमता एवं आपसी समन्वय को बढ़ावा मिला। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों के लिए लंच की व्यवस्था उसडा ढाबा, देहरादून में की गई, जहां सभी ने स्वादिष्ट भोजन का आनंद लिया व एक साथ समय बिताकर आपसी संबंधों को मजबूत किया। विभागाध्यक्ष डॉ. उज्जवल कुमार टांक के मार्गदर्शन में कार्यक्रम में उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार के सह-पाठ्यक्रमिक आयोजन न केवल तनाव कम करने में सहायक होते हैं, बल्कि विद्यार्थियों के समग्र व्यक्तित्व विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। नार्थ इंडिया ग्रुप ऑफ कॉलेजेस के चेयरमैन इंजी. अवनीश अग्रवाल ने ऐसे आयोजनों को विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। प्राचार्या डॉ. शिवानी चैहान, डॉ. नीलावती एवं संस्था के कुलसचिव गौरव वर्मा ने इस पहल की प्रशंसा की। भ्रमण के दौरान विभाग के प्रवक्ता डॉ. रविराज सिंह एवं मुकय्यान मोईन अंसारी की विशेष उपस्थिति रही, जिन्होंने पूरे कार्यक्रम को सुचारु एवं सुरक्षित ढंग से संपन्न कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# सवर्ण की नाराजगी के बीच दलित वोट पर टिकी भाजपा, सपा, बसपा की उम्मीदें

**लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश में 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले सियासी तपिश अभी से देखी जा रही है।

यूजीसी के नये नियमों को लेकर सवर्ण वोटों की नाराजगी के बीच इस बार सत्ता के केंद्र में दलित वोट बैंक बना हुआ है।

प्रदेश की करीब 21 प्रतिशत दलित आबादी न सिर्फ आरक्षित सीटों बल्कि सामान्य सीटों पर भी निर्णायक भूमिका निभाती है। यही कारण है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), समाजवादी पार्टी (सपा) और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) तीनों ही दल इस वर्ग को अपने पक्ष में करने के लिए पूरी ताकत झोंक रहे हैं। वर्तमान में यूजीसी के नये नियमों को लेकर सवर्ण समाज के बीच भाजपा के प्रति असंतोष देखा जा रहा है। हालांकि भाजपा इस तरह की नाराजगी से इंकार कर रही है, लेकिन जमीनी स्तर पर यह मुद्दा बातचीत का हिस्सा बन चुका है।

इसी बीच विकल्प के तौर पर बसपा सुप्रीमो मायावती के बयान और उनके शासनकाल के कानून-व्यवस्था की चर्चाएं ग्रामीण इलाकों में फिर सुनाई देने लगी हैं।

हालांकि, चुनाव अभी दूर हैं और राजनीतिक समीकरण समय के साथ बदल रहते हैं। भाजपा ने पिछले कुछ वर्षों में अपनी रणनीति बदलते हुए गैर-जाटव दलितों जैसे पासी, वाल्मीकि और अन्य समुदायों पर खास फोकस किया है।

केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं, जैसे मुफ्त राशन, आवास, शौचालय और आयुष्मान योजना के जरिए, भाजपा ने लाभार्थी वर्ग तैयार किया है, जिसे वह वोट में बदलने की कोशिश में है। साथ ही, डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचारों और स्मारकों को प्रमुखता देकर पार्टी सामाजिक संदेश भी दे रही है। एक दिन पूर्व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तरफ से पार्टी के स्थापना दिवस के दिन राज्य में डॉ. अंबेडकर की सभी प्रतिमाओं पर सुरक्षात्मक छत्र देने की घोषणा को इसी रूप से जोड़कर देखा जा रहा है। हालांकि, जाटव वोट बैंक में भाजपा की पकड़ अभी भी सीमित मानी जाती है। वहीं, लोकसभा के चुनावी नतीजे से उत्साहित समाजवादी पार्टी अब अपने पारंपरिक यादव-मुस्लिम समीकरण से आगे बढ़ते हुए दलितों को जोड़ने में जुटी है। पार्टी ने बसपा से आए नेताओं को आगे कर दलित समाज में पैठ बनाने की कोशिश तेज कर दी है। दलित वोटरों के बीच अपनी पैठ बनाने के लिए पार्टी कांशीराम की जयंती से लेकर डॉ. अंबेडकर जयंती मनाने की परंपरा को शुरू कर लुभाने में लगी है। पीडीए (पिछड़ा-दलित-अल्पसंख्यक) फॉर्मूला सपा की रणनीति का केंद्र बन गया है। इसके तहत सपा सामाजिक न्याय और सम्मान के मुद्दों को उठाकर भाजपा के खिलाफ व्यापक गठजोड़ बनाने की कोशिश कर रही है। हालांकि, सपा के सामने चुनौती यह है कि वह दलित वोटरों का भरोसा कितनी मजबूती से जीत पाती है।




क्योंकि दलित वोट का भरोसा जीत पाना सपा के लिए टेढ़ी खीर है।

दूसरी ओर, बहुजन समाज पार्टी अपने पारंपरिक जाटव वोट बैंक को बचाए रखने पर सबसे ज्यादा जोर दे रही है।

साथ ही गेस्ट हाउस कांड, प्रमोशन में आरक्षण और दलित महापुरुषों के नाम पर बने जिलों की बात को लगातार उठाकर सपा से आगाह कर रही हैं। मायावती अब भी दलित राजनीति का बड़ा चेहरा मानी जाती हैं और पार्टी साइलेंट वोटर रणनीति के तहत चुनावी तैयारी कर रही है। बसपा एक बार फिर ब्राह्मण-दलित समीकरण को साधने की कोशिश में है, लेकिन संगठन की सक्रियता और बदलते राजनीतिक समीकरण उसके सामने बड़ी चुनौती बने हुए हैं। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इस बार दलित वोट एकजुट नहीं है, बल्कि जाटव और गैर-जाटव में बंटा हुआ नजर आ रहा है। यही बिखराव चुनावी नतीजों को प्रभावित करेगा।

# बढ़ापुर क्षेत्र के शरणार्थी परिवारों को मिलेगा भूमि स्वामित्व अधिकार

## कैबिनेट के ऐतिहासिक फैसले से हजारों परिवारों को राहत, आर्थिक सशक्तिकरण का रास्ता साफ


कुंवर सुशांत सिंह

**बिजनौर ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश सरकार की कैबिनेट द्वारा लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय के तहत बढ़ापुर विधानसभा क्षेत्र में भारत-पाक विभाजन के समय विस्थापित होकर आए हजारों शरणार्थी परिवारों को उनकी भूमि पर स्वामित्व अधिकार प्रदान किए जाने का रास्ता साफ हो गया है। इस ऐतिहासिक फैसले पर बढ़ापुर से भाजपा विधायक कुँवर सुशांत सिंह ने क्षेत्रवासियों को बधाई दी। उन्होंने बताया कि इस जनहितकारी निर्णय से भूतपूर्व सैनिकों को पूर्व में आवंटित भूमि का श्रेणी परिवर्तन भी संभव होगा। साथ ही नगीना तहसील के 17 गांवों में लंबे समय से चल रहे जंगल-झाड़ी संबंधी विवादों का भी निस्तारण किया जाएगा।

कुँवर सुशांत सिंह ने कहा कि शरणार्थी परिवारों की यह मांग लंबे समय से लंबित थी, जिसे पूरा कर प्रदेश सरकार ने बड़ी राहत दी है। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त किया।

मालूम हो कि सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता (द्वितीय संशोधन) अध्यादेश, 2026 के माध्यम से राजस्व संहिता 2006 में संशोधन कर धारा 76(1) में आवश्यक प्रावधान जोड़े गए हैं। इससे इन परिवारों को असंक्रमणीय भूमिधर का अधिकार प्रदान करने का मार्ग प्रशस्त हुआ है।

इस फैसले के बाद पात्र परिवारों को कानूनी स्वामित्व मिलने के साथ ही बैंक से ऋण लेने में आसानी होगी और वे अपनी उपज को सरकारी क्रय केंद्रों पर बेच सकेंगे। इससे उनके आर्थिक सशक्तिकरण और सामाजिक सम्मान में वृद्धि होगी।

यह निर्णय प्रदेश सरकार की अंत्योदय की भावना को साकार करते हुए वंचित और उपेक्षित वर्ग के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# नुमाईश में झूले से गिरने से युवक गंभीर घायल

## उपचार के लिए हायर सेंटर रेफर

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** नगर के रायपुर मार्ग पर चल रही नुमाईश में बीती रात एक बड़ा हादसा हो गया। एक व्यक्ति नुमाईश में लगे झूले में झूलते समय नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कस्बा जलालाबाद निवासी अजीम बीती रात अपने परिवार के साथ रायपुर रोड पर लगी लंदन सिटी नुमाइश में घूमने गया था। वह नुमाईश में लगे झूले में झूल रहा था, इसी दौरान युवक अचानक झूले से नीचे गिर पड़ा तथा झूले के बीच में फंस गया। इस घटना से नुमाईश में अफरा-तफरी मच गई। काफी संख्या में लोग झूले के आसपास जमा हो गये। बड़ी मुश्किल से कुछ लोगों ने उक्त व्यक्ति को वहां से निकालकर उपचार के लिए निजी अस्पताल भेजा। युवक की हालत काफी गंभीर देखते हुए निजी अस्पताल से घायल को तुरंत एम्बुलेंस से हायर सेंटर एम्स ऋषिकेश के लिए रेफर कर दिया गया। बताया जाता है कि झूले से गिरकर घायल हुआ युवक काफी गरीब है तथा रिक्शा चलाता है। जबकि उसके पिता फल बेचते है। इस मामले में एसडीएम शैलेंद्र कुमार ने बताया कि सुरक्षा मानकों की जांच कराई जाएगी, कोई कमी मिलने पर कार्रवाई होगी।

# स्थापना दिवस पर संगठन की मजबूती के लिए कार्य करने का संकल्प

**नजीबाबाद (चिंगारी)।** भारतीय जनता पार्टी की ओर से 47 वें स्थापना दिवस पर नगर के मौहल्ला सेवाराम स्थित बूथ नम्बर-298 नामदेव धर्मशाला में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने पार्टी की स्थापना करने वाले पंडित दीनदयाल के चित्र पर माल्यपर्ण कर पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यकर्ताओं ने पार्टी संगठन की मजबूती के लिए कार्य करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता राजीव अग्रवाल, नगर अध्यक्ष नकुल अग्रवाल, तरूण शंकर नामदेव, प्रदीप राजपूत, संजय टांक, शरीफ अहमद, नदीम सिद्दीकी, नरेंद्र पारचा, सुभाष टांक आदि मौजूद रहे।



# स्योहारा में मनिहार समाज के लोगों ने की तालीमी बेदारी मीटिंग

## घर-घर जाकर तालीम की अहमियत समझाने का आह्वान

**स्योहारा ( चिंगारी )।** रोज़ गार्डन में मनिहार समाज की एक महत्वपूर्ण तालीमी बेदारी मीटिंग आयोजित की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सादिक हुसैन (न्यायिक मजिस्ट्रेट, मुरादाबाद एवं फाउंडर, तालीमी बेदारी मिशन, अलीगढ़) ने शिरकत की। इस दौरान स्योहारा, शेरकोट, नजीबाबाद, उमरी, कांठ और नगीना से आए समाज के जिम्मेदार लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

मुख्य अतिथि सादिक हुसैन ने अपने संबोधन में कहा कि आज के दौर में तालीम ही वह मजबूत जरिया है, जिससे समाज के हाशिए पर खड़े लोगों को आगे बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने जिला बिजनौर के लोगों से अपील की कि वे समाज में जागरूकता फैलाएं, भाईचारे को मजबूत करें और घर-घर जाकर तालीम की अहमियत समझाएं। उन्होंने बताया कि तालीमी बेदारी मिशन अलीगढ़ बच्चों को अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी और जामिया मिल्लिया इस्लामिया की प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी कराता है। आगामी सत्र के लिए जुलाई से दाखिले शुरू होंगे, जिनमें बिजनौर के अभिभावक अपने बच्चों को बेहतर तैयारी के लिए भेज सकते हैं। मीटिंग में जावेद अख्तर ने कहा कि जिले के सभी कस्बों में टीम बनाकर तालीम के प्रति जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। साथ ही हाजी खालिद सिद्दीकी द्वारा चलाए जा रहे भाईचारे के संदेश को भी जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। शेरकोट निवासी रफीक अहमद (मुस्लिम फंड मैनेजर) ने कहा कि तालीम की बदौलत ही वे आज इस मुकाम तक पहुंचे हैं और समाज के हर बच्चे को शिक्षा से जुड़ना चाहिए। इंजीनियर मो. सलमान सिद्दीकी और आईटी प्रोफेशनल जीशान सिद्दीकी ने भी भरोसा दिलाया कि वे अपनी टीम के साथ मिलकर मिशन को मजबूत करेंगे। अंत में बबलू भाई ने गरीब बच्चों की हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया।

# स्योहारा में विश्व स्वास्थ्य दिवस पर एचपीवी टीकाकरण शिविर आयोजित

## सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए किशोरियों को लगाया गया टीका



**स्योहारा (चिंगारी)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए किशोरियों को वैक्सीन लगाई गई।

शिविर का शुभारंभ वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. मनोज वर्मा ने किशोरियों को टीका लगाकर किया। सीएचसी अधीक्षक डॉ. बीके स्नेही ने जानकारी देते हुए बताया कि यह टीका 14 वर्ष तक की किशोरियों को लगाया जाएगा, जिससे भविष्य में सर्वाइकल कैंसर के खतरे को कम किया जा सके। कार्यक्रम के दौरान डब्ल्यूएचओ मॉनिटर मोहम्मद मुस्तकीम, डॉ. आंचल त्यागी, डॉ. राकेश कुमार सहित स्वास्थ्य विभाग की टीम सक्रिय रही। इस मौके पर वीर सिंह, जितेंद्र रावत, प्रदीप रावत, योगेश कुमार, हरीश कुमार, आलोक कुमार, शालिनी विश्नोई, डाटा ऑपरेटर अनम, राशि, दुशाला शर्मा, माधुरी राजपूत, सरिता चौहान, अंकुर, सुनील आदि उपस्थित रहे।

# ट्रेन की चपेट में आने से बिहार के युवक की मौत

**नजीबाबाद ( बि.टा. )।** रेलवे स्टेशन के पास फजलपुर यार्ड में एक हादसा हो गया। ट्रेन की चपेट में आने से बिहार के रहने वाले एक व्यक्ति की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार नजीबाबाद रेलवे स्टेशन के फजलपुर यार्ड के किलोमीटर संख्या 1503/1 के पास एक व्यक्ति की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। सूचना मिलते ही रेलवे सुरक्षा बल के उपनिरीक्षक वीर सिंह और जीआरपी नजीबाबाद के उपनिरीक्षक राहुल यादव अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। घटनास्थल पर अप और डाउन मेन लाइन के बीच एक व्यक्ति का क्षत-विक्षत शव पड़ा मिला। तलाशी के दौरान मृतक के पास से आधार कार्ड बरामद हुआ, जिससे उसकी पहचान 43 वर्षीय प्रसाद मांझी पुत्र राम सहाय मांझी के रूप में हुई। मृतक बिहार के गया। ( बोधगया ) के गांव कटोरवा मोचारिम का निवासी था। मौके से एक क्षतिग्रस्त मोबाइल फोन भी मिला, हालांकि रेल टिकट बरामद नहीं हुआ। जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और परिजनों को सूचित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

# सरकार और पत्रकारों के बीच सेतु बनेंगे ध्रुव रौतेला

## मीडिया सलाहकार समिति के उपाध्यक्ष बने ध्रुव

**नैनीताल ( चिंगारी )।** उत्तराखंड शासन के आदेश के क्रम में मीडिया सलाहकार समिति के उपाध्यक्ष के रूप में ध्रुव रौतेला ने विधिवत कार्यभार ग्रहण कर लिया। कार्यभार ग्रहण करते ही उन्होंने अपनी प्राथमिकताएं भी स्पष्ट कर दीं।

कार्यभार संभालने के बाद रौतेला ने कहा कि वह सरकार और पत्रकारों के बीच सेतु का कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि उनका प्रयास रहेगा कि तहसील स्तर तक के पत्रकारों के बीच जाकर उनकी समस्याओं को सुना जाए और उन्हें शासन तक प्रभावी रूप से पहुंचाया जाए। उन्होंने कहा कि दूरदराज क्षेत्रों में कार्यरत पत्रकारों की समस्याएं अक्सर अनदेखी रह जाती हैं, ऐसे में वह जमीनी स्तर पर संवाद स्थापित कर इस खाई को पाटने का काम करेंगे। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि मीडिया के सहयोग से इन योजनाओं को धरातल पर प्रभावी तरीके से लागू कराया जाएगा।




रौतेला ने कहा कि उनकी प्राथमिकता पारदर्शिता, बेहतर संवाद और पत्रकार हितों की सुरक्षा सुनिश्चित करना होगा, जिससे लोकतंत्र का चौथा स्तंभ और अधिक सशक्त बन सके इस दौरान उन्होंने सचिव सूचना शैलेश बगौली से भी वार्ता की।

# प्रदेश में गैस, पेट्रोल, डीजल की आपूर्ति पूरी तरह से सामान्य : पीएस पांगती

**देहरादून ( चिंगारी )।** देहरादून में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में अपर आयुक्त खाद्य, नागरिक आपूर्ति पीएस पांगती ने बताया कि, प्रदेश में एलपीजी और पेट्रोल- डीजल की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है। कहीं भी किसी प्रकार की कमी नहीं है। सरकार ने चारधाम यात्रा और विवाह सीजन को देखते हुए पहले से ही व्यापक तैयारियां कर ली हैं। उधर खाद्य सुरक्षा के मोर्चे पर सरकार ने अहम कदम उठाते हुए प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत अंत्योदय और प्राथमिक परिवारों को अप्रैल महीने में ही तीन महीने (अप्रैल, मई और जून) का राशन अग्रिम रूप से देना शुरू कर दिया है। राज्य के करीब 14 लाख राशन कार्ड धारक परिवार इस योजना से लाभान्वित हो रहे हैं। इस फैसले से आने वाले महीनों में राशन की उपलब्धता को लेकर किसी भी प्रकार की अनिश्चितता खत्म हो गई है। उधर एलपीजी को लेकर बनी चिंता अब कम होती दिख रही है। अपर आयुक्त ने बताया कि 15 मार्च को राज्य में पैनिक बुकिंग अपने चरम पर थी, जब एक दिन में 90 हजार गैस बुकिंग दर्ज की गई थी। लेकिन 6 अप्रैल तक यह संख्या घटकर 45 हजार रह गई है। यानी पैनिक बुकिंग में 50 प्रतिशत से ज्यादा की कमी आई है, जो स्थिति के सामान्य होने का संकेत है।

# विश्व स्वास्थ्य दिवस पर नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया

## स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर पंडित ललित मोहन शर्मा परिसर, ऋषिकेश के मेडिकल लैब टेक्नोलॉजी एम.एल.टी. विभाग द्वारा एक दिवसीय नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस का उद्देश्य आमजन, छात्र-छात्राओं एवं कर्मचारियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना तथा नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व को रेखांकित करना रहा। शिविर में एम.एल.टी. विभाग के प्रशिक्षित शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं की टीम द्वारा विभिन्न महत्वपूर्ण पैथोलॉजिकल जांचें नि:शुल्क संपादित की गईं। इनमें मधुमेह, ब्लड शुगर, रक्तचाप, बी.पी. हीमोग्लोबिन तथा रक्त समूह ब्लड ग्रुप की जांच प्रमुख रूप से शामिल रहीं।




एम.एल.टी. विभाग के समन्वयक प्रो. गुलशन कुमार ढींगरा ने बताया कि विश्व स्वास्थ्य दिवस स्वास्थ्य संगठन डब्लू एच ओ की स्थापना की वर्षगांठ है। यह दिवस स्वास्थ्य से संबंधित मुद्दों पर जागरूकता बढ़ाने और लोगों को स्वस्थ जीवन जीने के लिए प्रेरित करने के लिए मनाया जाता है। परिसर के निदेशक प्रो. एम. एस. रावत ने बताया कि इस प्रकार का आयोजन न केवल स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने में सहायक सिद्ध होता है, बल्कि समाज में निवारक स्वास्थ्य सेवाओं को भी प्रोत्साहित करता है। विशेषज्ञों द्वारा संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, जीवनशैली में सुधार तथा समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण कराने के संबंध में महत्वपूर्ण सुझाव दिये गये।

# चारधाम यात्रा में जुड़ी समीक्षा बैठक में बद्रीनाथ के कांग्रेसी विधायक को न बुलाना दुर्भाग्य पूर्ण

## गरिमा मेहरा ने इसे क्षेत्र की जनता का अपमान बताया

**देहरादून ( चिंगारी )।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा चारधाम यात्रा मार्ग से जुड़ी विधानसभाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई, लेकिन इस महत्वपूर्ण बैठक में बद्रीनाथ विधानसभा के निर्वाचित कांग्रेस विधायक लखपत बुटोला को आमंत्रित न किए जाने पर उत्तराखंड कांग्रेस की नेत्री गरिमा मेहरा दसौनी ने इसे अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और लोकतांत्रिक मर्यादाओं के विरुद्ध बताया है।



गरिमा मेहरा

गरिमा ने कहा कि हमारा स्पष्ट मानना है कि किसी भी क्षेत्र के जनप्रतिनिधि को इस प्रकार नजरअंदाज करना उस क्षेत्र की जनता का अपमान है। सरकार यदि वास्तव में विकास कार्यों की वास्तविक स्थिति जानना चाहती, तो सभी संबंधित विधायकों को समान रूप से शामिल किया जाना चाहिए था। गरिमा दसोनी ने कहा कि सरकार केवल उन्हीं जनप्रतिनिधियों से संवाद कर रही है जो उसे अनुकूल रिपोर्ट प्रस्तुत करें, जबकि जमीनी हकीकत सामने लाने वाले जनप्रतिनिधियों को जानबूझकर दूर रखा जा रहा है।

गरिमा ने इसे सरकार की संकीर्ण सोच बताते हुए कहा कि यह न केवल लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है, बल्कि संघीय ढांचे और जनप्रतिनिधियों के सम्मान को भी आघात पहुंचाता है। गरिमा दसोनी ने राज्य की धामी सरकार से अपेक्षा की कि भविष्य में इस प्रकार की पक्षपातपूर्ण कार्यप्रणाली से बचा जाए और सभी निर्वाचित प्रतिनिधियों को समान अवसर दिया जाए, ताकि जनता के हितों की सही ढंग से पैरवी हो सके।

# जीआईसी में नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं का स्वागत किया

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** राजकीय इंटर कॉलेज कोटद्वार में मंगलवार को नव प्रवेशी छात्र- छात्राओं के स्वागत में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गये तथा नव प्रवेशी छात्रों के अभिभावकों को पौधा भेंट कर उनका स्वागत किया गया। कार्यक्रम में पीपीटी के माध्यम से विद्यालय के गौरवशाली इतिहास की जानकारी अभिभावकों को दी गई। प्रवेशोत्सव में प्रधानाचार्य नागेंद्र सिंह चौहान, पीटीए अध्यक्ष कृष्ण दर्शन भदोला, एसएमसी अध्यक्ष रेखा भट्ट, डॉ. पदमेश बुडाकोटी, मनमोहन सिंह चौहान, विनोद पंत, सीतांशु खुगशाल, मनमोहन सिंह रौतेला, संतोष नेगी, पूरण चंद्र धूलिया, अनूप नेगी, भगवान सिंह नेगी, देवेंद्र रावत, सुनीता शाह, अंजना संतोषी, पूजा विष्ट, सुधीर डंगवाल, कृपाली रावत, निर्मला सहित बड़ी संख्या में अभिभावक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

चिंगारी
ऋषिकेश-लक्ष्मणझूला में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें-
राजेश शर्मा
मो. 9411361854

# प्रत्येक संत का कर्तव्य है कि राष्ट्र हित में अपनी बात रखे : हरिओम महाराज

## चार राज्यों के चुनाव को लेकर दिया महत्वपूर्ण बयान

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** ऋषिकेश के निकट मणिकूट पर्वत स्थित मां त्रिपुरा सुंदरी शिव शक्ति धाम आश्रम के पीठाधीश्वर 1008 हरि ओम महाराज ने पश्चिम बंगाल, केरल और ओडिशा में होने वाले विधानसभा चुनावों को लेकर एक महत्वपूर्ण बयान दिया है। उन्होंने कहा कि हम किसी भी राजनीतिक दल से सीधे तौर पर नहीं जुड़े हैं, लेकिन जब बात राष्ट्र और समाज की आती है, तो एक साधु को बोलना ही चाहिए। साधु का काम समाज के कल्याण के लिए कार्य करना है। राष्ट्रहित में अपनी बात रखना हर संत का कर्तव्य है। उन्होंने त्रिपुरा, मेघालय और मिजोरम का उदाहरण देते हुए कहा कि राष्ट्र देवता के रूप में देश को एक सक्षम पुरुष मिला है। महाराज ने बंगाल में हिंदुओं की स्थिति पर गहरी पीड़ा व्यक्त की। उन्होंने कहा कि वहां हिंदुओं के साथ दुर्व्यवहार हो रहा है और धार्मिक स्थलों की उपेक्षा की जा रही है। केरल के बारे में उन्होंने कहा कि शिक्षित होने के बावजूद लोग वहां की पुरानी सरकारों की विफलता के कारण भटक रहे हैं। हरिओम महाराज ने कहा कि असम आज विकास की राह पर है और यही बदलाव बंगाल और केरल में भी जरूरी है। ताकि वहां के धार्मिक स्थल जागृत हों और लोगों को सुख-सुविधाएं मिल सकें।



# किसान-वन विभाग प्रकरण ने तूल पकड़ा

# 16 को महापंचायत कर सीओ दफ्तर का घेराव करेंगे किसान

## आर-पार की लड़ाई का मन बना चुके हैं किसान

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** वन विभाग द्वारा किसान नेता मदन राणा के खिलाफ दर्ज कराए गए मुकदमे और अफजलगढ़ पुलिस द्वारा उनके घर दी जा रही दबिश से आक्रोशित किसानों ने पुलिस एवं वन विभाग से वार्ता विफल होने के बाद अफजलगढ़ डाक बंगले पर अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर समाधान न होने की स्थिति में 16 अप्रैल को अफजलगढ़ में महापंचायत कर सीओ दफ्तर को घेरने की चेतावनी दी है। एक सप्ताह पूर्व अमानगढ़ टाइगर रिजर्व एरिया में तैनात वन दरोगा नरेश कुमार ने थाना अफजलगढ़ में भाकियू (टिकैत) के जिला उपाध्यक्ष ग्राम मुरलीवाला निवासी मदन सिंह राणा सहित तीन नामजद व कुछ अज्ञात के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है। इस प्रकरण में वायरल वीडियो ने मामले को बेहद गंभीर बना दिया। अफजलगढ़ पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसका चालान कर दिया है, जबकि मदन राणा सहित शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की दबिशें जारी हैं। इस सबसे आक्रोशित किसानों ने गत मंगलवार को अफजलगढ़ डाक बंगले पर भाकियू (टिकैत) के बैनर तले जिलाध्यक्ष सुनील प्रधान के नेतृत्व में बैठक कर पुलिस एवं वन विभाग से मामले को निपटाने का प्रस्ताव रखा। बैठक में थानाध्यक्ष अफजलगढ़ विजेंद्र सिंह राठी एवं वन दरोगा रवि कुमार किसानों के बीच पहुंचे, मगर दोनों के माध्यम से किसानों की बात नहीं बन पाई, जिसके बाद जिलाध्यक्ष सुनील प्रधान ने अफजलगढ़ डाक बंगले पर समस्या का समाधान न होने तक अनिश्चितकालीन धरने का ऐलान कर दिया। उन्होंने दोटूक कहा कि यदि पुलिस एवं वन विभाग ने गंभीरतापूर्वक विचार

## वन विभाग व पुलिस के खिलाफ़ अनिश्चितकालीन धरना जारी




नहीं किया तो 16 अप्रैल को अफजलगढ़ में किसानों की महापंचायत करेंगे, जिसमें जिले भर के किसान इकट्ठा होकर सीओ दफ्तर का घेराव करेंगे। सुनील प्रधान ने कहा कि पुलिस एवं वन विभाग कान खोलकर सुन लें कि वह दूध के धुले नहीं हैं। उनके कारनामों से किसान भली भांति वाकिफ हैं। सुनील प्रधान ने कहा कि पुलिस एवं वन विभाग किसानों से टकराव की स्थिति न बनाए और उत्पीड़न बंद कर दे अन्यथा किसान किसी भी स्थिति में पीछे नहीं हटेंगे। किसानों की बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष सोनू चौधरी, युवा जिलाध्यक्ष मनप्रीत सिंह संधू, तहसील अध्यक्ष गजेंद्र सिंह टिकैत, जिला उपाध्यक्ष कविराज सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष शैलेंद्र चौहान, अफजलगढ़ नगर अध्यक्ष वसीम गुर्जर सहित मुख्तियार सिंह, रमेशचंद्र शेखावत, देवेंद्र कौशिक, अजविंदर सिंह बिसला, मौ. सालिम, यूसुफ कुरैशी, शकील कुरैशी, आकिब लतीफ, मौ. अशरफ, सभासद रिजवान हसन, रोहित चौधरी, अर्जुन त्यागी, अतुल शर्मा, आसाराम आदि सैकड़ों किसान मौजूद रहे। धरना आज दूसरे दिन भी जारी है।


## सूचना

सर्व साधारण को सूचित करता हूं कि मेरा पूर्व बैनामा न. 9195/14 की की मूल प्रति जो कि मिथलेश के नाम पर रजिस्टर्ड था, कहीं पर खोया गया है काफी तलाशने पर भी नहीं मिला है। किसी को मिले तो निम्न पते पर पहुंचाने का कष्ट करें।

**-चंद्रपाल पुत्र दुर्गे, निवासी स्याऊ-चांदपुर, तहसील चांदपुर, जिला बिजनौर मो. 9917014072**


## वरिष्ठ नागरिक समिति की बैठक में नई कार्यकारिणी का गठन गया, अनिल दुबे बने अध्यक्ष



**बिजनौर ( चिंगारी )।** नागरिक जनकल्याण सेवा समिति (वरिष्ठ नागरिक) बिजनौर की साधारण सभा स्थानीय जैन धर्मशाला के सभागार में अनिल कुमार मेहरोत्रा की अध्यक्षता एवं गिरधारी शरण खन्ना के संचालन में आयोजित की गई। इस अवसर पर समयबद्धता कार्यक्रम के अंतर्गत लकी ड्रा के माध्यम से विजेता जीएस खन्ना रहे, जिन्हें मंच की ओर से सम्मानित किया गया। बैठक का शुभारंभ ईश वंदना, भजन, गीत, रचना आदि की प्रस्तुति की। सचिव द्वारा विगत कार्रवाई को पढ़कर सुनाया गया, जिसकी सर्वसम्मति से पुष्टि की गई। श्रीमती शांति दुबे, बीना जैन, करुणा गर्ग, शिप्रा गर्ग आदि ने सामूहिक भजनों की प्रस्तुति दी। डॉ. सत्येंद्र शर्मा अंगिरस ने रचना के माध्यम से 23 से 56 वर्ष तक कमाने व जीवन चक्र पर सुंदर प्रस्तुति दी। इन सभी का करतल ध्वनि से स्वागत किया गया। बैठक में वैद्य अजय गर्ग ने बताया कि अनुपस्थित चल रहे सदस्यों को कॉल कर उनका हाल-चाल जाना गया और निर्णय लिया गया कि सभी सदस्य मासिक बैठक में जरूर उपलब्ध रहें। तीन माह तक अनुपस्थित रहने पर उनकी सदस्यता समाप्त करने का निर्णय लिया जाएगा। अनिल दुबे को अध्यक्ष, एमपी रस्तौगी व बीना जैन उपाध्यक्ष, सचिव गिरधारी शरण खन्ना, सहसचिव करुणा गर्ग, कोषाध्यक्ष केके खन्ना, अरुण प्रकाश भारद्वाज ऑडिटर, वैद्य अजय गर्ग व अनिल कुमार मेहरोत्रा संरक्षक, शांति दुबे व आशा रस्तोगी कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किए गए। नवगठित हाउजी खेल प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागी शिप्रा गर्ग, करुणा गर्ग, संजय जैन, अनिल मेहरोत्रा, सत्यप्रकाश रस्तौगी, एसपी रस्तौगी, केके खन्ना, जगदीश वर्मा, अशोक गुप्ता, शांति दुबे आदि को उपहार देकर सम्मानित किया गया। बैठक के समापन पर शांति पाठ कर सहभोज का आनंद लिया गया।

## महिला ने खर्च न देने वाले पति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** क्षेत्र के ग्राम गढ़मलपुर निवासी रहनुमा परवीन ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर दर्ज कराई शिकायत में ससुरालियों पर उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए खर्च न देने वाले पति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने की गुहार लगाई है। पीड़ित महिला का कहना है कि उसकी शादी 20 फरवरी 2020 को रहमान पुत्र शमीम निवासी गढ़मलपुर थाना नजीबाबाद के साथ हुई थी, उसका पति विदेश में रहता है, सब पैसा अपनी मां के पास भेजता है, उसकी सास व जेठानी उसे परेशान करती है। उन्होंने उसे लगभग ढाई वर्ष पूर्व ससुराल से मारपीट कर निकाल दिया था। जिसकी रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। बाद में पति समझौता कर उसे घर वापस ले गया तथा विदेश चला गया था। 4 अप्रैल 2026 को पीड़ित महिला अपने पुत्र को दवाई दिलाने नजीबाबाद जा रही थी, रायपुर बस स्टैंड पर पीड़िता के जेठ व जेठानी ने उसके साथ गाली गलौज करते हुए धमकी दी कि मौका मिलने पर तुझे घर में जलाकर मार देंगे। पीड़िता ने पुलिस से मामले की जांच कराकर न्याय दिलाने की गुहार लगाई हैं।


## कार्यालय-नगर पालिका परिषद बिजनौर, ( जनपद बिजनौर )

**संख्या 55/ न.पा.परि.बि. / 2025-26 दिनांक : 07-04-26**

**संबंधित को नोटिस अन्तर्गत धारा-143 (1) / 147 (1) नगर पालिका अधिनियम-1916**

एतद्वारा सूचित हो कि सम्पत्ति संख्या-600 मौहल्ला सिविल लाईन द्वितीय, बिजनौर जो पालिका के कर अनुभाग के अभिलेखों में श्रीमती कृष्णा देवी पत्नी स्व. महेन्द्रपाल सिंह के नाम अंकित है। उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में अंकित स्वामी के पुत्रों द्वारा पारिवारिक सदस्यता प्रमाण-पत्र एवं मृत्यु प्रमाण-पत्र के द्वारा श्री कृष्ण कुमार, दीपक कुमार पुत्रगण स्व. महेन्द्रपाल सिंह ने आवेदन किया है, पारिवारिक सदस्यता प्रमाण-पत्र एवं मृत्यु प्रमाण-पत्र तथा शपथ-पत्र व आईडीप्रूफ की छायाप्रति संलग्न करते हुये उक्त सम्पत्ति में अपना नाम पालिका के कर-अनुभाग के अभिलेखों में अंकित कराने की प्रार्थना की है।

अत: किसी सम्बन्धित को उपरोक्त नाम दर्ज करने में कोई आपत्ति है तो सप्रमाण इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं, उपरोक्त धारा के अन्तर्गत नोटिस मियादी एक माह दिया जाता है। बाद गुजरने मियांद नोटिस हाज़ा किसी आपित्त पर कोई विचार नहीं किया जायेगा तथा तदोपरान्त उक्त संदर्भित सम्पत्ति में पालिका अभिलेखों में प्रार्थीगण श्री कृष्ण कुमार, दीपक कुमार पुत्रगण स्व. महेन्द्रपाल सिंह का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

भवदीय
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, बिजनौर


## हरीम बना स्कूल टॉपर




**बिजनौर ( चिंगारी )।** ग्राम सरकड़ा चकराजमल स्थित एडम पब्लिक स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। स्कूल की प्रिंसिपल कविता चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष भी छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। स्कूल में हरीम ने 99 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि रिया परवीन 98 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय और तेजस्वी 97 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रही।





## खुले में मांसाहारी वस्तु बेचे जाने पर रोष

**चांदपुर ( चिंगारी )।** सामाजिक कार्यकर्ता वीरेन्द्र राजपूत ने नगर में तहसील से रेलवे फाटक तक खुले में मांसाहारी खाद्य वस्तुएं मुर्गा, मछली आदि बेचे जाने पर रोष जताते हुए कहा कि इससे लोगों की भावनाएं आहत हो रही हैं। उन्होंने इसकी ब्रिकी दुकान के अंदर रखकर किये जाने की मांग की। उपजिलाधिकारी चांदपुर को दिए गए ज्ञापन में सामाजिक कार्यकर्ता वीरेन्द्र राजपूत ने कहा है कि चांदपुर तहसील से रेलवे फाटक तक अनेक मांसाहारी होटल खुले हुए हैं। दुकानदारों द्वारा खुलेआम मांस से बनी खाद्य वस्तुएं बेचे जाने से हिन्दू समुदाय के लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है तथा उनकी भावनाएं आहत हो रही हैं। ज्ञापन में मांसाहारी खाद्य वस्तुओं मुर्गा, मछली आदि की खुलेआम बेचे जाने की बजाए दुकान के अंदर रखकर बेचे जाने की मांग की गई है तथा ऐसा न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी गई है।



# वीरा कॉलेज में वर्ल्ड हैल्थ दिवस पर हुआ सेमिनार का आयोजन




**बिजनौर (चिंगारी)।** कुंवर सत्यवीरा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट, बिजनौर में विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर धन्वन्तरि हैल्थ क्लब द्वारा एक सेमिनार का आयोजन किया गया। इस वर्ष कार्यक्रम की थीम 'स्वस्थ के लिए एकजुट विज्ञान के साथ खड़े रहें' रही। सेमिनार का उद्देश्य बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं की आवश्यकता को उजागर करना और बीमारियों के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के निदेशक प्रो. (डॉ.) अमित कुमार बंसल द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के विभिन्न विभागों के छात्र-छात्राओं के साथ-साथ फैकल्टी एवं स्टाफ सदस्यों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता बायोटेक्नोलॉजी विभाग की मिस्टर विपिन कुमार रहे, जिन्होंने अपने व्याख्यान में बताया कि इस वर्ष 2026 की थीम है- 'स्वास्थ्य के लिए एकजुट, विज्ञान के साथ खड़े रहें।' आज के दौर में गलत जानकारियों के बीच, यह जरूरी है कि हम तथ्यों और विज्ञान पर भरोसा करें। स्वस्थ रहने के लिए हमें न केवल व्यक्तिगत स्वच्छता का ध्यान रखना है, बल्कि वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाकर बीमारियों से लड़ना है। आइए, मिलकर एक स्वस्थ और जागरूक विश्व का निर्माण करें। कार्यक्रम के एक्टिविटी कोऑर्डिनेटर मिस शिवानी रहीं। इस अवसर पर डीन एकेडमिक श्री मनोज कुशवाहा, डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. लोकेश अग्रवाल, डॉ. शुएब अली खान सहित समस्त विभागों के विभागाध्यक्ष अंकित रंजन अग्रवाल, डॉ. अजय कुमार, विभोर राजवंशी, डॉ. शुभम कुमार, डॉ. मो. फैसल अंसारी, सुधीर कुमार, सुनील भारद्वाज, उज्ज्वल कुमार, नाइला नईम, प्रगति गर्ग, गजेंद्र, अफीफा सिद्दीकी, सुरभि ढाका, राशि सिंह, शुभम सैनी, गौरव कुमार, जोमवीर, निक्की पाल आदि का सराहनीय सहयोग रहा।

# गुरु के आदर्शों पर चलने का संदेश दिया



**खासपुरा (चिंगारी)।** श्री गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा गुरु नानक चौक में सिख धर्म के नौवें गुरु श्री गुरु तेगबहादुर साहिब जी का 405वां प्रकाश पर्व बड़े श्रद्धा भाव के साथ के मनाया गया। गुरुद्वारे के हेड ग्रंथी हरचरण सिंह ने श्री सुखमनी साहिब के पाठ के शब्द कीर्तन से संगत को निहाल किया। सरदार भूपेंद्र सिंह नीटू ने कथा-प्रवचन के माध्यम से गुरु तेग बहादुर जी के जीवन, त्याग और उनके बताए मार्ग पर चलने का संदेश दिया।

# छात्र-छात्राओं को प्रोफेशनल व इंजीनियरिंग में प्रवेश दिलाने हेतु नगीना आया डेलीगेशन



**नगीना (चिंगारी)।** देश-विदेश में भारतीय छात्र-छात्राओं को प्रोफेशनल कोर्स, मेडिकल कोर्सेज एवं इंजीनियरिंग कोर्सेज में प्रवेश दिलाने वाली एडुकेशन ट्री की नगीना शाखा में हाल ही में विदेश से एक डेलिगेशन का आगमन हुआ। इस डेलिगेशन ने ऑनलाइन व ऑफलाइन माध्यम से भारतीय छात्र-छात्राओं को उनके बेहतर भविष्य के लिए साउथ एशिया, साउथ अफ्रीका, यूरोप एवं यूके जैसे देशों में मेडिकल एवं प्रोफेशनल कोर्सेज में एडमिशन लेने की प्रक्रिया तथा कौन-सा कोर्स उनके लिए अधिक उपयुक्त रहेगा, इस संबंध में विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर एडुकेशन ट्री के डायरेक्टर शादाब सुल्तान राइन, पूर्व जिला पंचायत सदस्य नीलम पारस, शेख जावेद, शेख शादाब, शारिक सुल्तान एवं रशीद उस्मानी उपस्थित रहे। एडुकेशन ट्री के स्टाफ में वरिष्ठ काउंसलर इल्मा अंजुम, ज़ीनत सिद्दीकी, सना मंसूरी, प्रियांशी सिंह, इक़रा अंजुम, ज़ोया खान, अरीब राइन, अमान राइन, अदनान मलिक, अदनान कुरैशी, शनावर सिद्दीकी, डिब्बू मल्होत्रा आदि भी मौजूद रहे।

चिंगारी
ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा

# किसानों ने समस्याओं पर दिया बल
## एसडीओ ने कहा-10 दिन में हो जायेंगी हल



**किरतपुर (चिंगारी)।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की मासिक मीटिंग बिजलीघर पर सम्पन्न हुई, जिसमें किसानों की समस्याओं को लेकर एसडीओ रवि प्रसाद से बात की। कुछ समस्याएं यह हैं जैसे हादीपुर शुक्कन के भट्टे का कनेक्शन, भनेड़ा में कनेक्शन को काटने को लेकर, कसौर में जर्जर लाइन बदलने को लेकर, चांडक तुर्क में पोल लगाकर केबल डालने को लेकर, एसडीओ रवि प्रसाद ने 10 दिन में इन समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की मीटिंग का संचालन कर रहे राजू चेयरमैन ने मीटिंग का समापन किया। वहां उपस्थित रहे ब्लॉक अध्यक्ष अरविंद राजपूत, नीटू चौधरी, प्रधान मो. अजमाईन, हितेश चौधरी, विनोद चौहान, पद्मबीर सिंह, मिट्ठन, मूला सिंह, दिनेश, संदीप, हारून, फूल सिंह, नीरज, शैलेंद्र सिंह आदि किसान मौजूद रहे।

# जिम्मी सिंह को मुंबई में मिला यूथ आइकन अवॉर्ड




**बिजनौर (चिंगारी)।** शहर के रामबाग निवासी एवं देव भूमि फिल्म सिटी देहरादून की चेयरमैन जिम्मी सिंह को यूथ आइकन अवार्ड से नवाजा गया है। यह अवार्ड मुक्ति कल्चर हॉल अंधेरी मुंबई में आयोजि किया गया था। बालीवुड अभिनेत्री स्नेहा उल्लास ने उन्हें अवार्ड सौंपा। जिम्मी सिंह ने बताया कि पिछले दिनों आयोजित यूथ आइकन इंडियन अवार्डस का आयोजन शीबा शेख और गणेश साहू (शीबा मीडिया वर्क) द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में बालीवुड, राजनीति, प्रशासन, हर क्षेत्र के लोग शामिल हुए। शो की उदघोषक एक्टर, मॉडल मिल इंडिया रह चुकी सिमरन आहूजा रहीं।

# उल्लासपूर्वक मनाया गुरू तेग बहादुर का प्रकाश पर्व



**बिजनौर (चिंगारी)।** शहर के पुरातन गुरुद्वारा स्टेशन रोड में सिख धर्म के नौवें गुरु, हिंद की चादर और त्याग, बलिदान की प्रतिमूर्ति गुरु तेग बहादुर महाराज का प्रकाश पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर दूर-दराज से बड़ी संख्या में सिख श्रद्धालु जुटे और गुरुद्वारा परिसर पूरी तरह भक्तिमय वातावरण में डूबा रहा। कार्यक्रम के दौरान गुरुद्वारे के हेड ग्रंथी ज्ञानी मोहन सिंह ने गुरुबाणी का मधुर शब्द-कीर्तन प्रस्तुत किया, जिससे संगत भावविभोर हो उठी। कथा-प्रवचन के माध्यम से गुरु तेग बहादुर जी के जीवन, त्याग और उनके बताए मार्ग पर चलने का संदेश दिया। कार्यक्रम का समापन 'सरबत के भले' की अरदास के साथ हुआ। इसके बाद गुरु का अटूट लंगर बरताया गया, जिसमें सभी वर्गों के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर गुरुद्वारे के मीत प्रधान सरदार हरचरण सिंह,प्रबन्धक मानवेंद्र सिंह, बीरेन्द्र सिंह, महेन्द्र सिंह पोथीवाल, प्रदीप सिंह, नरेन्द्र सिंह, सुखमनी सेवा सोसायटी के प्रधान बीबी रेनू कौर, अनिता कौर, ममता कौर, रंजीत कौर आदि मौजूद रहे।

# बारात की बस में रोडवेज बस ने टक्कर मारी, कई बाराती घायल

## बस में फंसे चालक को बड़ी मुश्किल से बाहर निकाला गया

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** बीती शाम देहरादून से वापस लौट रही बारात की बस में गैंडीखाता (उत्तराखंड) के पास उत्तराखंड परिवहन निगम की रोडवेज बस ने टक्कर मार दी, जिससे बारातियों में चीख-पुकार मच गई। बच्चों सहित कई व्यक्तियों के हाथ या पैर फ्रैक्चर हो गये। बस का ड्राइवर बहुत बुरी तरह से घायल हो गया, जिसे बड़ी मुश्किल से बस से बाहर निकाला जा सका। नांगल से सटे ग्राम शहजादपुर निवासी सलमान पुत्र नजीर की बारात कल बस द्वारा कल देहरादून गई थी। शाम के समय बारात जब वापस लौट रही थी, तो उत्तराखंड के श्यामपुर-गैंडीखाता के बीच बारात की बस में विपरीत दिशा से जा रही उत्तराखंड परिवहन निगम की बस ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे बारात की बस में चीख-पुकार मच गई। बस आगे से



मौके पर मौजूद दुर्घटनाग्रस्त बस।



दुर्घटना में घायल शाह नूर

बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। बस का ड्राइवर इरशाद बुरी तरह घायल होकर अपनी सीट पर ही फंस गया। उसे बड़ी मुश्किलों से बस से बाहर निकाला जा सका। उसके दोनों पैर बुरी तरह फ्रैक्चर हो गये हैं।

बस में सवार ग्राम शहजादपुर के कई व्यक्ति घायल हुए हैं। ग्राम निवासी अनीस ( 60 वर्ष) पुत्र मकबूल के कूल्हे की हड्डी फ्रैक्चर हो गई तथा पैरों में भी काफी चोट लगी है। अनीस को पहले हरिद्वार तथा फिर नजीबाबाद के हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। बालक अबूजर (5 वर्ष) पुत्र फुरकान, शाह नूर (12 वर्ष) पुत्र



घायल अनीस



घायल अजमल

अजमल के हाथों में फ्रैक्चर हो गया, किशोर शावेज (15 वर्ष) पुत्र वजीर के पैर में फ्रैक्चर हो गया। दूल्हे के दोस्त प्रिंस निवासी रुड़की का पैर फ्रैक्चर हो गया। दूल्हे के तयेरे भाई अजमल पुत्र वजीर के दांत टूट गये। इसके अलावा शाहिद, नईम, अलीजा सहित दर्जनों बाराती घायल हो गये। ज्यादातर घायलों को मंडावली के हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। बारात में गये अपने परिजनों की सलामती की खबर जानने को ग्रामीण काफी परेशान रहे।

# धूमधाम से हुआ रामा स्पोर्ट्स मीट 2026 का उद्घाटन



**किरतपुर ( चिंगारी )।** रामा इंस्टिट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन, किरतपुर में रामा स्पोर्ट्स मीट 2026 का उद्घाटन रामा एजुकेशनल ट्रस्ट के ट्रस्टी श्री अरुण गोयल ने फीता काट कर किया। उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि सभी छात्र-छात्राओं को खेल को अपने दैनिक जीवन में शामिल करना चाहिये। खेल से शरीर स्वस्थ रहता है एवं स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है। खेल अनुशासन का पाठ सिखाते हैं। आज खो-खो, दौड़, रस्सा खींच, बैडमिंटन, लम्बी कूद, ऊंची कूद आदि खेलों का प्रथम राउंड सम्पन हुआ। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. डबलेश कुमार, उप प्राचार्य डॉ. रवीश कुमार, मंजू जैन, देवेंद्र सिंह, पीयूष शर्मा, शिवम गुड़वाल, रचना चौधरी, श्वेता सर्कार, मिस अनम, स्वमजीत सिंह, नेहा शर्मा, जितेंद्र कुमार, प्रियांशु, मोनिका, पूजा, प्रियाक, ज़कीउल्लाह, शुभांगी, मनु आदि उपस्थित रहे। स्पोर्ट्स मीट का आयोजन मैनेजर कामेंद्र सिंह, कोर्डिनेटर नीलम वर्मा, वैशाली शर्मा के दिशानिर्देशन में हुआ। माइक का संचालन बी. एड. प्रवक्ता निखिल भारद्वाज ने किया।

चिंगारी
ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा

# स्वास्थ्य दिवस पर हुई अंतर हाउस वाद-विवाद प्रतियोगिता



**नहटौर ( चिंगारी )।** विश्व स्वास्थ्य दिवस पर वीके इंटरनेशनल स्कूल में जागरूकता के लिए अंतर हाउस वाद-विवाद प्रतियोगिता हुई। अच्छे स्वास्थ्य के लिए संतुलित आहार, नित्य व्यायाम और स्वच्छता को महत्वपूर्ण बताया गया। मंगलवार को प्रतियोगिता का शुभारंभ विद्यालय के एम डी शिल्पी कुमार अग्रवाल ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित व पुष्पार्चन कर किया। विद्यार्थियों ने अपने कार्यक्रमों को प्रदर्शित कर अच्छे स्वास्थ्य को लेकर चर्चा की। चारों सदन एरिया हाउस, इग्निस हाउस एक्का हाउस और टेरा हाउस के विद्यार्थियों के बीच वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य प्रेरणा चौधरी ने अपने संबोधन में संतुलित आहार नियमित व्यायाम तथा स्वच्छता के महत्व को बताया उन्होंने सभी को स्वस्थ रहने के लिए प्रोत्साहित करते हुए संदेश दिया कि स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा धन है। कार्यक्रम का संचालन कक्षा 10वीं की छात्रा काव्या तथा अनुष्का जैन ने संयुक्त रूप से किया।

# सामाजिक कुरीतियां दूर करने में सहयोग करने का आह्वान



**नहटौर ( चिंगारी )।** सामाजिक कुरीतियों को दूर करने पर जाट जागृति मंच एसोसिएशन के पदाधिकारियों को सम्मानित किया। सभी से सामाजिक कुरीतियों को दूर करने में सहयोग करने का आह्वान किया। मटौरामान में आयोजित कार्यक्रम में चौधरी राजेंद्र सिंह जिला प्रवक्ता भारतीय किसान यूनियन के आवास पर ग्रामवासियों ने जाट जागृति एशोसिएशन जाट भवन नहटौर के अध्यक्ष चौ. गुनवान सिंह, गुनवान सिंह, स्वामी आनंद आचार्य, प्रेम सिंह, संजीव प्रधान, प्रेम दीप डौंडवाल, सीतम सिंह, सत्यवीर सिंह, चौ. रामपाल सिंह, सचिन कुमार, विनित कुमार, मा. विजय पाल सिंह आदि जाट भवन के कार्यकर्ताओं का माल्यार्पण कर स्वागत किया। चौधरी राजेंद्र सिंह ने कहा कि जाट भवन नहटौर द्वारा समाज में फैली कुरितियों तेहरवीं भोज, नशाखोरी, दहेज आदि को दूर करने के लिए चलाई जा रही मुहिम सराहनीय है। भविष्य में यह मील का पत्थर साबित होगी। कार्यक्रम में पारम्परिक तरीके से सभी को पट्टे पर बैठाकर सहभोजन कराया।

# जागरूकता रैली में नारे लगाये, अपने बच्चों को जरूर पढ़ाये

**शेरकोट ( चिंगारी )। क्षेत्र के ग्राम उमरपुर आशा में प्राथमिक विद्यालय के बच्चों और स्टाफ ने स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत जागरूकता रैली निकालकर ग्रामीणों को बच्चों को पढ़ाने के लिए प्रेरित किया।**


नया शिक्षा सत्र प्रारंभ होने पर मंगलवार को प्राथमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने हाथों में नारे लिखी तख्तियां लेकर गांव में जागरूकता रैली निकाली। रैली विद्यालय से शुरू होकर गांव के सभी मुख्य रास्तों पर घूमने के बाद पुनः विद्यालय पहुंचकर कर सम्पन्न हुई। रैली में बच्चों ने बच्चों को शिक्षित बनाने के लिए स्कूल में नामांकन कराने के लिए ग्रामीणों को जागरूक किया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने जहां जागरूकता लाने के लिए विभिन्न नारे लगाए वहीं अध्यापकों ने जगह-जगह रुककर ग्रामीणों




को शिक्षा का महत्व समझाते हुए शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा दी जा रही सुविधाओं की भी जानकारी दी। जागरूकता रैली में प्रधान अध्यापक देवेंद्र सिंह, सहायक अध्यापक पुनीत गहलौत, दुष्यंत कुमार, शिक्षामित्र सत्येंद्र कुमार, पंडित कृष्ण कुमार कौशिक, पंडित भास्कर कौशिक, रामपाल सिंह, पंकज कुमार आदि शामिल रहे।

# धुरंधर : सिनेमा जगत को नई दिशा देती एक फिल्म

-सत्यराज



भारतीय सिनेमा की शुरुआत वर्ष 1896 से बताई जाती है । वर्ष 1930 में पहली बोलती फिल्म राजा हरिश्चंद्र प्रदर्शित हुई। वर्ष 1940 से 1960 तक के कालखंड को भारतीय सिनेमा का स्वर्ण युग कहा जाता है । इस दौर में मदर इंडिया और मुग़ल-ए-आज़म जैसी फिल्में बनीं । इसके बाद 1970 से 80 के दशक में व्यावसायिक फिल्में बनने लगीं । शोले जैसी फिल्म बनी और बॉलीवुड को मालामाल कर दिया। फिल्मों में एक्शन, ड्रामा, मनोरंजन और रोमांस का तड़का दर्शकों को पसंद आने लगा। वर्ष 1990 के बाद आज तक फिल्मों का आधुनिक दौर चल रहा है, क्योंकि समाज तेजी से बदल रहा है, तो फिल्में भी आधुनिक हो गई हैं। 3 ईडियट्स, टाइगर जिंदा है, पठान, बाहुबली से होते हुए ,अब सिनेमा की यात्रा फिल्म धुरंधर तक आ पहुंची है । पूर्व की काल्पनिक कहानियों पर बनने वाली अधिकांश फिल्मों के बाद, सच्ची घटनाओं पर आधारित (आंशिक कल्पनिकता) के साथ फिल्म धुरंधर आज 100 करोड़ सिनेमा प्रेमी देशवासियों के बीच चर्चा का विषय बनी हुई है। काल्पनिक स्पाई और सच्चे स्पाई किरदारों को लेकर नई बहस छिड़ गई है । धुरंधर एक एक्शन ड्रामा फिल्म है, बावजूद इसके इस फिल्म में न्याय , संघर्ष और बदले की दमदार प्रस्तुति है। यह भी सर्वसत्य है कि सिनेमा हमारे समाज का आईना रहा है, लेकिन फिल्मों में कल्पना और बनावट की अधिकता उद्देश्य से भटकती है। विशेषकर धुरंधर से पहले बनी अधिकांश फिल्मों में नकली कहानी के नकली जासूस ऐसी हरकतें करते दिखते रहे हैं, जिन्हें फंतासी मानकर तालियां तो बजाई ही जा सकती हैं। इन फिल्मों ने मनोरंजन भी खूब किया है, लेकिन धुरंधर की कहानी सत्य घटनाओं और जासूसों की असल जिंदगी और कारनामों की कहानी है। दर्शकों को चार घंटे बांध कर रखना आसान नहीं होता। धुरंधर ने वह भी कर दिखाया। अब यह फिल्म आलोचकों और समीक्षकों के लिए भी एक चैलेंज बन गई है ।




उधर इस फिल्म की निरंतर बढ़ती रिकॉर्ड तोड़ लोकप्रियता ने देश में ऐसे करोड़ों दर्शकों को भी हिम्मत दी है, जो नकली जासूसों की फिल्में देखने को मजबूर रहते थे। कश्मीर फाइल्स, केरल स्टोरी, उरी जैसी फिल्मों के बाद अब धुरंधर ने नकली स्पाई फिल्में बनाने वालों को सोच बदलने को मजबूर कर दिया होगा या यूं कहां जा सकता है कि अब राष्ट्रीय संदर्भ को लेकर फिल्में बनने का दौर शुरू होना निश्चित है। करोड़ों दर्शकों ने सिनेमा हॉल में पहुंचकर यह बता दिया है कि इतिहास और वर्तमान के सच्चे सपूतों को लेकर फिल्में बनेंगी तो उन्हें दर्शकों का भरपूर प्यार मिलेगा। कहा जा सकता है कि आगे ऑपरेशन सिंदूर या अन्य ऐतिहासिक और पौराणिक विषयों पर बड़ी फिल्में देखने को मिलेंगी।

# जूनियर हाईस्कूल में विद्यार्थी सम्मान व छात्र नामांकन कार्यक्रम आयोजित

नजीबाबाद (चिंगारी)। जूनियर हाईस्कूल में विद्यार्थी सम्मान व छात्र नामांकन कार्यक्रम में वरिष्ठ बीजेपी नेता राजीव अग्रवाल व नगर पालिका के नामित सभासद कलवा शेख मसूरी अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। पूर्व माध्यमिक विद्यालय नजीबाबाद में विद्यार्थी/अभिभावक सम्मान एव नामांकन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बीजेपी के वरिष्ठ नेता राजीव अग्रवाल ने अभिभावकों को बेसिक शिक्षा में शासन की तरह से दी जा रही सुविधाओं व शिक्षक की योग्यताओं के संबंधी जानकारी देते हुए अपने बच्चों को सरकारी स्कूल में ही पढ़ाने को कहा। शिक्षक नेता मोबीन हसन ने स्कूल में बच्चों के ठहराव पर बल देते हुए अभिभावकों से अपने बच्चों को नियमित विद्यालय भेजने व नवीन नामांकन में सहयोग देने की अपील करते हुए जन सहभागिता को आवश्यक बताया तथा जन प्रतिनिधियों के सहयोग से स्कूल चलो अभियान को जनआंदोलन बनाने की आवश्यकता बताई। नगरपालिका के नामित सभासद कलवा शेख मंसूरी ने पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में विद्यालय में सर्वाधिक अंक तथा सर्वाधिक उपस्थिति पर सुमायला, अलीना, सुलेमान, सोफिया, फरहा, अल्फिश, रितिक, जोया, शोएब फैज सहित उनके अभिभावकों को भी सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष रहील तथा संचालन मोबीन हसन ने किया। कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक शहनाज जबी, प्रतिज्ञा रानी, शाहजहां परवीन, कुमुद सिंघल, राधा रानी, बी नजमा, विनीत आदि का सहयोग रहा।



# मुजफ्फरनगर में विवाहिता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**मुजफ्फरनगर (चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले में एक विवाहिता ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि भौराकलां निवासी ज्योति (25) का विवाह करीब दो वर्ष पूर्व तितावी थाना क्षेत्र के गांव सालाखेड़ी निवासी गौरव के साथ हुआ था। बताया जाता है कि अज्ञात कारणों के चलते ज्योति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग मौके पर एकत्र हो गए और पुलिस व मृतका के परिजनों को सूचना दी गई। सूचना पर मृतका के परिजन और रिश्तेदार सालाखेड़ी पहुंच गए, वहीं पुलिस भी मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली। संदिग्ध परिस्थितियों में हुई इस मौत के मामले में मृतका के परिजनों ने ससुराल पक्ष पर आरोप लगाते हुए हंगामा करने का प्रयास किया, जिसे पुलिस और गांव के जिम्मेदार लोगों ने समझा-बुझाकर शांत कराया।

# रसोई गैस के बाद अब पीएनजी भी महंगी

**नयी दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** पश्चिम एशिया संकट के कारण रसोई गैस (एलपीजी) के बाद अब पाइपलाइन के जरिये किचन तक आने वाली प्राकृतिक गैस (पीएनजी) के दाम भी बढ़ गये हैं। दिल्ली-एनसीआर के साथ कानपुर, मेरठ, अजमेर जैसे कई शहरों में घरों में पीएनजी की आपूर्ति करने वाली कंपनी इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (आईजीएल) ने एक अप्रैल से पीएनजी की कीमत बढ़ाकर दिल्ली में 49.59 रुपये प्रति मानक घन मीटर (एससीएम) कर दिया है। इससे पहले एक जनवरी 2026 से इसकी कीमत 47.89 रुपये प्रति एससीएम थी। इस प्रकार राष्ट्रीय राजधानी में पीएनजी 1.70 रुपये प्रति एससीएम महंगी हो गयी है। एनसीआर के दूसरे शहरों में भी कीमत 1.70 रुपये प्रति एससीएम बढ़ाई गयी है जबकि दूसरे शहरों में पीएनजी एक रुपये महंगी की गयी है। नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गाजियाबाद में एक एससीएम पीएनजी की कीमत 47.76 रुपये से बढ़ाकर 49.46 रुपये कर दी गयी है। मुजफ्फरनगर, मेरठ और शामली में कीमत 47.35 रुपये से बढ़ाकर 48.35 रुपये, अजमेर, पाली और राजसमंद में 47.27 रुपये से बढ़ाकर 48.27 रुपये तथा कानपुर, फतेहपुर, हमीरपुर और चित्रकूट में 47.95 रुपये से

ATHER अब आपके शहर बिजनौर में ATHER
इंडिया का नं. 1 फैमिली स्कूटर (RIZTA)
आकर्षक छूट व कम ब्याज दर पर उपलब्ध है।

आवश्यकता है बिजनौर/धामपुर में
शोरूम पर कार्य करने हेतु कुशल
मैकेनिक की।
सम्पर्क करें- मो. 9084329100
*नियम व शर्तें लागू
Dhruvika Motors LLP
Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor 246701 Ph- 9240083911

# देहरादून में रिटायर्ड ब्रिगेडियर हत्याकांड का दसवां आरोपी भी गिरफ्तार

## 40 हजार रुपए के शराब के बिल को लेकर बार में हुआ था विवाद



**देहरादून ( चिंगारी )।** राजधानी देहरादून में रिटायर्ड ब्रिगेडियर मुकेश जोशी हत्याकांड में पुलिस ने दसवें आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले के सभी दस आरोपी पकड़े जा चुके हैं। दसवां आरोपी वैभव कुमार हरियाणा के यमुनानगर का रहने वाला है। पुलिस ने देहरादून के राजपुर थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि 9 आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है, लेकिन दसवां आरोपी वैभव कुमार फरार चल रहा था, जिसकी तलाश में पुलिस की कई टीमें लगी हुई थी। जैसे ही पुलिस को वैभव कुमार के बारे में जानकारी लगी तो टीम ने अपना जाल बिछाया और वैभव कुमार को देहरादून के राजपुर थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया।

जानकारी के मुताबिक कुठालगेट गेट के पास जेन-जी रेस्टोरेंट पहुंचे, जहां पर आरोपियों ने शराब पी और खाना खाया। इस दौरान आरोपियों का बिल करीब 40 हजार रुपए का बना। आरोप है कि बिल को लेकर उनकी रेस्टोरेंट के स्टॉफ के साथ बहस हुई। हालांकि देर रात को तो यह मामला जैसे-तैसे शांत हो गया था, लेकिन आरोपियों ने रेस्टोरेंट के कर्मचारियों को देख लेने की धमकी दी थी। 30 मार्च सुबह को रेस्टोरेंट का स्टाफ विवाद करने वाले ग्राहक फिर से आमने-सामने आ गए। इस दौरान फार्च्यूनर कार में मौजूद रेस्टोरेंट का स्टाफ अपनी जान बचाने के लिए भागने लगा। वहीं रात को झगड़ा करने वाले ग्राहक भी काली स्कॉर्पियो से कार का पीछा करने लगे। इस दौरान दोनों कारे जोहड़ी गांव की रोड पर पहुंच गई।

आरोप है कि स्कॉर्पियो में बैठे लोग आगे चल रही कार पर अंधाधुंध फायरिंग कर रहे थे। तभी वहां मॉर्निंग वॉक कर रहे रिटायर्ड ब्रिगेडियर मुकेश जोशी को एक गोली लग गई और उनकी मौके पर ही मौत हो गई थी। सुबह 6.30 बजे हुई इस घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया था। एसएसपी प्रमेंद्र डोबाल ने बताया कि मुकदमे में नामजद सभी 10 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सभी आरोपियों को हत्या की धाराओं में ही रिमांड लिया गया है।

**ये हैं 10 आरोपी :** रोहित कुमार, मोहम्मद अखलाक उर्फ साबिर, संदीप कुमार, आदित्य चौधरी, आदेश गिरी, समीर चौधरी, मोहित अरोड़ा, शान्तनु त्यागी, काविश हुसैन त्यागी, तथा वैभव कुमार।

## जंगल गई मां-बेटी पर भालू ने किया हमला

### गंभीर घायल महिला एम्स ऋषिकेश रैफर

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** द्वारीखाल ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम च्वारा की रहने वाली एक महिला अपनी पुत्री के साथ जंगल गई थी तभी अचानक एक भालू ने उन पर हमला कर दिया। शोर सुनकर लोग मौके पर पहुंचे और महिला को बचाया। लेकिन तब तक महिला गंभीर रूप से घायल हो चुकी थी। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें एम्स ऋषिकेश रैफर किया गया है। जानकारी के अनुसार, मंगलवार को ग्राम च्वारा ब्लाक द्वारीखाल तहसील लैंसडौन निवासी भुन्द्रा देवी पत्नी स्व. नेत्र सिंह अपनी पुत्री के साथ जंगल गई थीं। अचानक वहां एक भालू ने उन पर हमला कर दिया, जिससे महिला बुरी तरह घायल हो गई। महिला की पुत्री के चिल्लाने की आवाज सुनकर आसपास के लोग जंगल की ओर दौड़े। लोगों के पहुंचने तक भालू महिला को गंभीर रूप से जख्मी कर चुका था। ग्रामीणों के पहुंचने पर भालू जंगल की ओर भाग गया। सूचना मिलने पर वन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। वहीं, ग्राम प्रधान सुराड़ी एवं स्थानीय ग्रामीणों की मदद से भुन्द्रा देवी को प्राथमिक उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) चेलुसैण लाया गया। वहां से उन्हें गंभीर चोटों के चलते एम्स ऋषिकेश रैफर किया गया।

## श्री हेमकुंट साहेब के लिए पहला जत्था 20 मई को ऋषिकेश से होगा रवाना

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** भारतीय सेना के जवान और गुरुद्वारा श्री हेमकुंट साहेब मैनेजमेंट ट्रस्ट के सेवादारों ने गोविंदघाट से श्री हेमकुंट साहिब तक ट्रेक रूट की रेकी की। रेकी के दौरान पाया कि श्री हेमकुंट साहिब में लगभग पांच से छह फीट तक बर्फ जमी हुई है। मार्ग में अलककोटी ग्लेशियर पॉइंट पर भी काफी मात्रा में बर्फ है। सकारात्मक बात यह है कि पिछले दस दिनों में जो ताज़ा बर्फ गिरी है, आने वाले दिनों में धूप निकली, तो आसानी से पिघल जाएगी। इससे ट्रेक रूट को साफ करने और यात्रा शुरू करने में सुविधा होगी।



भारतीय सेना की टुकड़ी 15 अप्रैल के बाद रवाना होगी, जो यात्रा मार्ग पर जमी बर्फ को हटाने का कार्य करेगी, ताकि कपाट खुलने से पहले रास्ता पूरी तरह सुरक्षित और यात्री हो सके। श्री हेमकुंट साहिब यात्रा इस वर्ष 23 मई 2026 से शुरू हो रही है। पहला जथा 20 मई 2026 को ऋषिकेश से रवाना किया जाएगा। गुरुद्वारा श्री हेमकुंट साहिब मैनेजमेंट ट्रस्ट और भारतीय सेना के अधिकारियों ने बताया कि यात्रा को सुगम, सुरक्षित और निर्विघ्न बनाने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। दोनों पक्षों के बीच बेहतर समन्वय से यात्रियों की सुविधा सुनिश्चित की जाएगी।

## स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाया 120 लोगों ने लाभ उठाया

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** वरिष्ठ नागरिक संगठन की ओर से आयोजित स्वास्थ्य शिविर का 120 लोगों ने लाभ उठाया। इस दौरान लोगों को बेहतर स्वास्थ्य की जानकारी दी गई। रिटायर्ड कैप्टन पीएल खंतवाल के नेतृत्व में मानपुर में शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। चिकित्सकों ने कहा कि हमें बाहर खुले में बिकने वाले खाद्य पदार्थों का सेवान नहीं करना चाहिए। इससे हमारे स्वास्थ्य को सबसे अधिक नुकसान होता है। किसी भी तरह की शिकायत होने पर तुरंत चिकित्सक की सलाह लें। शिविर में 120 लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच कराई। इस मौके पर महासचिव रिपुदमन बिष्ट, राजेंद्र सिंह बिष्ट, महेंद्र अग्रवाल, शंकर दत्त, विनोद नेगी आदि मौजूद रहे।

## फिर बदला मौसम का मिज़ाज

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** मौसम का मिजाज एक बार फिर बदला है। पहाड़ से लेकर मैदान तक कल शाम से हो रही बारिश से मौसम सुहाना हो गया है। लेकिन बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। इस समय खेतों में गेहूं की फसल पककर तैयार है और कई जगहों पर कटाई भी चल रही हैं। ऐसे में तेज हवाएं व ओलावृष्टि फसलों को नुकसान पहुंचा सकती है। अप्रैल के महिने में कल शाम से शुरू हुई बेमौसम बारिश से कड़ाके की ठंड भी लौट आई हैं।

## चमत्कारों का झांसा देकर ठगने वाले दो बाबा गिरफ्तार



**कोटद्वार ( चिंगारी )।** लोगों को झूठे प्रलोभनों में फंसाकर विभिन्न धार्मिक उपायों एवं चमत्कारो का झांसा देकर ठगी करने वाले दो बाबाओं को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस उपाधीक्षक निहारिका सेमवाल ने बताया कि पुलिस मुख्यालय से संचालित 'आपरेशन प्रहार' के तहत एसएसपी सर्वेश पंवार के निर्देशन में जनपद में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने एवं आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने हेतु थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है। उन्होंने बताया कि कोटद्वार क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों की गहन निगरानी व पहचान के लिए सत्यापन अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान सामने आया कि बाबा बने दो व्यक्ति आमजन झूठे प्रलोभनो में फंसाकर धन की ठगी करते हैं। पुलिस ने दोनों बाबाओं को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपितों के नाम बालकनाथ पुत्र राजकुमार निवासी नजफगढ़ हरियाणा व विश्वनाथ पुत्र स्व. मदन सिंह कोटद्वार है।

## आज बच्चों को संस्कारवान बनाना जरूरी है : खंडूडी



**कोटद्वार ( चिंगारी )।** नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत पदमपुर स्थित एसकेडी एजुकेशन अकादमी में आयोजित कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने बच्चों को शिक्षा के साथ ही संस्कारवान बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण, विद्यालय के संस्थापक द्वारिका प्रसाद ध्यानी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष हरि सिंह पुंडीर व विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष दीपक गौड़ ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि आज शिक्षा के साथ-साथ बच्चों को संस्कारवान बनाना बहुत जरूरी है। कहा कि जितनी बातें हम अपनी लड़कियों को समझाते हैं, उससे अधिक लड़कों को समझाना होगा। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रमों भी प्रस्तुतियां दी। इस मौके पर मुख्य अतिथि ने प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने वाले छात्रो को सम्मानित भी किया।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
आर. एन. आई. नं. 2417/57
डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27
E-Mail: dainikchingari@gmail.com

# अमेरिका-ईरान में 2 हफ्ते का सीजफायर

## 40वें दिन जंग रुकी, ट्रम्प बोले- पाक पीएम और आर्मी चीफ की अपील के बाद फैसला

**तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन( एजेंसी/चिंगारी )।** अमेरिका और ईरान के बीच 40 दिन से जारी जंग के बाद आखिरकार 2 हफ्ते के सीजफायर पर सहमति बन गई है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि यह फैसला पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और आर्मी चीफ की अपील के बाद लिया गया। सीजफायर से पहले ट्रम्प ने ईरान को कड़ी चेतावनी दी थी कि अगर होर्मुज स्ट्रेट से जहाजों को सुरक्षित रास्ता नहीं मिला तो वह उसकी पूरी सभ्यता खत्म कर देंगे। उन्होंने अहम इंफ्रास्ट्रक्चर पर हमले की भी धमकी दी थी। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक यह डील पाकिस्तान की मध्यस्थता और आखिरी समय में चीन के दखल के बाद संभव हो पाई। पाकिस्तान ने 2 हफ्ते के सीजफायर का प्रस्ताव रखा था, जिसे ईरान ने स्वीकार कर लिया। समझौते के तहत अमेरिका और इजराइल अपने हमले रोकेंगे। ईरान भी हमले बंद करेगा। इस दौरान होर्मुज स्ट्रेट से तेल, गैस और अन्य जहाजों की सुरक्षित आवाजाही ईरानी सेना की मदद से सुनिश्चित की जाएगी। यह सीजफायर लेबनान समेत अन्य क्षेत्रों पर भी लागू होगा। इसके बाद अमेरिका और ईरान के बीच 10 अप्रैल को औपचारिक बातचीत पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में शुरू होगी। ट्रम्प ने बताया कि ईरान ने अमेरिका को 10 पाइंट का प्लान भेजा है। उन्होंने कहा कि इस पर आगे बातचीत की जा सकती है।

वहीं ईरान की सुप्रीम नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल ने दावा किया है कि अमेरिका ने उसका 10 पॉइंट प्रस्ताव स्वीकार कर लिया है। काउंसिल के मुताबिक यह समझौता ईरान की शर्तों पर हुआ है और इसे देश की जीत बताया है।


सीजफायर होने के बाद ईरान में जश्न मनाते लोग।


Kajaria
TRANSFORM YOUR WORLD
Kajaria Exculsive Showroom
बिल्डर्स व थोक खरीदारों को विशेष छूट
Tiles & Sanitaryware का Exclusive Showroom
DR. FIXIT WATERPROOFING EXPERT
Nanotechnology Based SEELAN BLOCK सीलन ब्लॉक
₹8/- PER SQ. FT सभी प्रकार की सीलन से सुरक्षा
TILE O GRIP BONDING CHEMISTRY
8445517265
8791919960
सेंट जौसफ स्कूल के सामने तीमरपुर, रावली रोड, बिजनौर

भारत की दो बहादुर बेटियाँ "विंग कमांडर व्योमिका सिंह" और "कर्नल सोफिया कुरैशी"
के सम्मान में बिजनौर पब्लिक स्कूल जुलाई 2025 से
बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु पेश करता है अपनी योजना
"सिंदूरी"
योजना की प्रमुख विशेषताऐं:-
★ यह योजना कक्षा- 2 तक की सभी छात्राओं के लिए उपलब्ध होगी।
★ विद्यालय कक्षा- 2 तक की सभी छात्रोओं को मासिक ट्यूशन फीस में 10 प्रतिशत छूट देगा।
★ लड़कियों के लिए निःशुल्क आत्मरक्षा प्रशिक्षण।
★ नर्सरी से यू.के.जी. की छात्रों को मुफ्त पुस्तके एवं कॉपियाँ दी जाएगी।
हमारी विशेषताऐं:-
1. उच्च योग्य और अनुभवी शिक्षकों द्वारा परिणामोन्मुखी शिक्षण।
2. स्मार्ट कक्षाऐं जो छात्रों के लिए सीखने का आनन्ददायक अनुभव है।
3. सभी विषयों की पूर्ण सुसज्जित प्रयोगशालाऐं उपलब्ध।
4. सभी मार्गों के लिए बस सुविधा उपलब्ध।
5. सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए खूबसूरत वातानुकूलित आडिटोरियम।
6. बड़े खेल मैदान में सभी खेलों की सुविधा।
हमारे अचीवर्स
Neal Rajput (M.B.B.S) Pranab Rajput (M.B.B.S) Roopali (M.B.B.S) Vanshika Singh (IIT) Avantika Rana (M.B.B.S) Avantika Malik (M.B.B.S)
BIJNOR PUBLIC SCHOOL
A Co-educational Senior Secondary School.
Najibabad Road, Bijnor (U.P.) 246701 9837205062, 8006677928

Requirement
3 स्टोर स्टाफ की
मेल/फीमेल (उम्र 20-35 वर्ष)
आकर्षक वेतन योग्यतानुसार
सम्पर्क करें।
Singh Enterpises
सिविल लाइंस, बिजनौर
मो. 8218014102

खुल गया! खुल गया!
श्री लाइट
सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।
पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर
बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट
Fybros Fans,
Havells Fans
Orient Fans
सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर
मो. 9897024836, 8800092476

किराये हेतु
एक दो मंजिल मकान में ऊपर के तीन कमरे, लॉबी, रसोई, दो बाथरूम किराये के लिये खाली हैं।
पता- श्री हॉस्पिटल के सामने श्री रामनगरी किरतपुर रोड बिजनौर (उ.प्र.)
संपर्क करें- 9719727284, 7060104019

Gents Specialist
Suit Sherwani Pant Shirt Fancy Coat Ladies Coat
CLASSIC TAILORS
9927060150
CLASSIC SHOES
CLASSIC Shoes
M: 9897041426
NIKE PUMA SKECHERS WOODLAND RED CHIEF Lee Cooper campus
Add.: Chahshireen Road, Bijnor